तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस वर्ष कई बदलाव किए गए

# परीक्षा अभी बाकी है... फॉर्म भर चुके प्राइवेट स्टूडेंट्स को जाना होगा कॉलेज, वहां से मिलेगी अनुमति तभी होंगे 'योग्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थियों की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई बदलाव इस वर्ष किए गए हैं। ये बदलाव प्राइवेट छात्रों को रास नहीं आ रहे हैं और वे आवेदन भरने में भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। नियमों के तरत रेगुलर छात्रों के लिए आवेदन समाप्त होने के 20 दिन बाद तक प्राइवेट छात्रों को आवेदन करने का मौका दिया जाना था। रेगुलर स्टूडेंट्स को सितंबर अंत तक का समय प्रवेश के लिए मिला। इस तरह से प्राइवेट स्टूडेंट्स को 20 अक्टूबर तक परीक्षा फॉर्म भरने का अवसर दिया गया।

छात्रों को किसी कॉलेज विशेष में ना जाकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट में पंजीयन कराना था। इसमें उन्हें विकल्प के रूप में 7 महाविद्यालयों का चयन करना था। अब छात्रों को उन महाविद्यालयों में जाकर संपर्क करना होगा, जिसका चुनाव उन्होंने परीक्षा केंद्र के रूप में किया है। महाविद्यालय प्रबंधन छात्रों को फीस स्ट्रक्चर, अनिवार्य नियमित कक्षाएं, असाइनमेंट, इंटरनल एग्जाम सहित अन्य जानकारियां प्रदान करेगा। यदि छात्र इससे सहमत होते हैं तो महाविद्यालय उक्त छात्र के फॉर्म को योग्य करार देकर विवि भेजेगा। इसके बाद ही छात्र परीक्षा में बैठ सकेंगे। इससे संबंधित अधिसूचना विवि के वेबसाइट में अपलोड है, लेकिन अधिकतर छात्रों को जानकारी नहीं होने के कारण वे प्रक्रिया पूर्ण करने कॉलेज ही नहीं पहुंच रहे हैं।

- स्वाध्यायी छात्रों के लिए सिरदर्द बना नया सिस्टम
- 20 तक मांगे गए थे आवेदन, वेबसाइट में अधिसूचना लेकिन अधिकतर को जानकारी नहीं



## अब तक होता था ऐसा

पूर्व में प्राइवेट परीक्षा दिलाने के इच्छुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय जाकर फॉर्म भरना होता था। इसके साथ ही परीक्षा फीस भी उन्हें जमा करनी होती थी। इन छात्रों के लिए नियमित कक्षा, आंतरिक मूल्यांकन या इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी। केवल वार्षिक परीक्षा में उन्हें उपस्थित होना होता था। केवल उन विषयों में जिसमें प्रायोगिक कार्य होते हैं, छात्रों को प्रैक्टिकल कक्षाएं लेनी होती थी। हालांकि नवीन व्यवस्थाएं केवल प्रथम वर्ष के छात्रों पर ही लागू हैं। द्वितीय और तृतीय वर्ष में इसे क्रमशः आने वाले सत्रों में लागू किया जाएगा।

## संख्या रेगुलर के समकक्ष

आमतौर पर प्राइवेट मोड में परीक्षा देने का चुनाव उन्हीं छात्रों द्वारा किया जाता है, जो नियमित रूप से कॉलेज आ पाने में सक्षम नहीं होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राइवेट स्टूडेंट्स को भी कक्षा में आना होगा। ऐसे में छात्र आवेदन करने से बच रहे हैं। रविवार तक आवेदन छात्रों से मंगाए गए थे। विवि प्रबंधन द्वारा आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। गौरतलब है कि रविवि में प्रतिवर्ष 50 से 60 हजार विद्यार्थी प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होते रहे हैं। अन्य विश्वविद्यालयों में भी प्राइवेट स्टूडेंट्स की संख्या रेगुलर के समकक्ष ही होती है।

## खबर संक्षेप

### उठाईगिरी को अंजाम देतीं दो महिलाएं गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने ऑटो से महिला के पर्स से रुपए चोरी करते नागपुर की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। अश्वनी नगर निवासी अनीता देवांगन की शिकायत पर हीराबाई गायकवाड़ तथा केसर कैलाश लोढ़े को गिरफ्तार किया है। अनीता ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो में सवार होकर बाजार खरीदी करने निकली थी। इसी दौरान लाखेनगर के पास ऑटो सवार महिलाओं ने उनके पर्स से रुपए चोरी कर लिए। अनीता के पर्स से रुपए चोरी करते पीछे आ रहे एक ऑटो चालक ने देख लिया। इसके बाद उस ऑटो चालक ने अनीता को इसकी जानकारी दी।

### ऑफिस का दरवाजा बंद कर चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ शंकर नगर स्थित अपने ऑफिस का अंदर से दरवाजा बंद कर नकदी चार हजार रुपए सहित सात हजार रुपए के मोबाइल तथा अन्य सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश बाईस्या ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके ऑफिस में पीछे की तरफ ग्रिल को मोड़कर अंदर दाखिल हुआ और ऑफिस के अन्य दरवाजे का शीशा तोड़ मेन गेट को अंदर से बंद कर ऑफिस में रखी नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया।

### सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो चालक से मारपीट

**रायरपुर।** टिकरापारा थाने में एक ऑटो चालक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तुषार सारथी ने देवेंद्र मिश्रा तथा वैभव साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। तुषार ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह छह बजे इंटरस्टेट बस टर्मिनल के बाहर सवारी आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान देवेंद्र तथा वैभव, तुषार के पास पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की।

### स्कूल से मध्यान्ह भोजन के चावल चोरी

**रायपुर।** धरसींवा थाने में कूंरा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक ने अज्ञात चोर के खिलाफ स्कूल के स्टोर रूम से मध्यान्ह भोजन के डेढ़ क्विंटल चावल तथा साउंड बॉक्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गजपाल सिंह वर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गजपाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर स्टोर रूम का ताला तोड़कर चावल तथा साउंड बॉक्स चोरी कर ले गया है।

### बोर से पानी भरने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ पानी भरने बोर चालू नहीं करने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दीनबंधु बाघ ने महेंद्र धीवर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दीनबंधु ने पुलिस को बताया कि उसके घर के सामने नगर निगम का बोर है, जिससे मोहल्लेवासी पानी भरते हैं। पानी भरने वह नियमित समय में बोर चालू तथा बंद करता है। तय समय के बाद महेंद्र पानी भरने दीनबंधु को बोर चालू करने दबाव बनाया। बोर चालू नहीं करने पर महेंद्र ने दीनबंधु के साथ मारपीट की।

टाटीबंध से तेलीबांधा रिंगरोड की सर्विस लेन के लिए प्रस्ताव तैयार, कई और मार्ग की दशा बदलेगी

# वाहन इतने कि रिंगरोड पर भी फंस रहा ट्रैफिक इसलिए सर्विस लेन को किया जाएगा डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में तेजी से बढ़ते वाहनों के कारण रिंग रोड -एक यानी टाटीबंध से तेलीबांधा तक फोरलेन होने के बाद भी दिन में कई जगह कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। बढ़ रहे लोकल वाहनों को देखते हुए अब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए दोनों तरफ की सर्विस रोड को भी डबललेन बनाकर रिंगरोड के दबाव को कम करने का प्रस्ताव तैयार किया है। बताया जाता है कि इस मसले को लेकर दिवाली के बाद होने वाली केन्द्रीय मंत्री की बैठक में हरी झंडी मिलने की संभावना है।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में इस काम के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भी सहमत है। इस प्रकार तेलीबांधा रोड से प्रस्तावित फ्लाईओवर को दो साल में पूरा करने का मसौदा भी अब अंतिम दौर में है। दीपोत्सव के बाद राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नेशनल रोड सड़क परिवहन मंत्री के अलावा एनएचआई की टेक्निकल टीम भी आएगी। इसमें शहर में नए फ्लाईओवर तथा रोड से संबंधित अन्य प्रस्तावों पर काम शुरू करने के लिए स्वीकृति मिलने का संकेत सूत्रों से मिला है। इससे पूर्व निगम सीमा क्षेत्र में होने वाले रोड से संबंधित कार्यों के लिए जिला प्रशासन और निगम और एनएचआई सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बैठक भी किए गए सर्वे के आधार पर की गई है। इसमें शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने रोड की व्यवस्था में भी कई बदलाव होने वाला है।



### आने-जाने में होगी आसानी

विभागीय सूत्रों ने बताया कि मोवा से पंडरी के लिए फ्लाईओवर बनाने का मसला भी सुलझाने की पहल होने वाली है। इस नए फ्लाईओवर को पंडरी कपड़ा मार्केट की भीड़ को कम करने के लिहाज से सर्वे किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मोवा के मौजूदा फ्लाईओवर से नए फ्लाईओवर को कनेक्ट करके बलौदाबाजार और खरोरा के साथ ही विधानसभा की ओर आने-जाने वाले लोगों को आसानी होगी। इसके लिए शासन स्तर पर भी पहल करने और सहमति बनाने की तैयारी जारी है।



### सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का..

इसके अलावा आगामी बड़े निर्णयों की कतार में महादेवघाट से रायपुरा चौक और लाखेनगर रूट पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए भी प्लानिंग है। बताया जाता है कि महादेव घाट पुल से भाठागांव आने-जाने वाले लोगों के लिए प्रस्तावित बाईपास रोड की चौड़ाई बढ़ाकर फोरलेन की जाएगी। इससे भाठागांव होते हुए टिकरापारा रिंग रोड से एंट्री आसान हो जाएगी। इससे त्योहारी सीजन में बढ़ने वाला ट्रैफिक जाम कम होगा, अभी रिंग रोड भी इससे प्रभावित होता है।

### इस रूट का मसौदा भी तैयार

इस बार तैयार किए गए नए मसौदो में शदाणी दरबार से धमतरी जाने वाला हाईवे एक्सीडेंटल जोन बन रहा है। इसे देखते हुए एनएचएआई यहां लगभग एक से डेढ़ किमी लंबा फ्लाई ओवर का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इस तरह विधानसभा से धनेली रूट या यूं कहें कि बिलासपुर को जोड़ने वाले मार्ग का भी ट्रैफिक दबाव कम करने पीडब्ल्यूडी भी नई योजना पर काम चालू कर चुका है। इसी तरह फुंडहर से माना को जोड़ने के लिए भी नया शार्टकट मार्ग भी ट्रैफिक दबाव से जुड़ा है।

# दो दिन से छाए बादल छंटेंगे, न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अरब सागर से आने वाले नमी की मात्रा में कमी आने की वजह से पिछले दो दिन से छाए बादल के छंटने की संभावना है। आसमान साफ होने से अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी, मगर रात का पारा कम होगा। 24 के बाद आने वाले चक्रवाती तूफान के प्रभाव के फिर बादल छाने से मौसम में बदलाव होगा।

- 24 के बाद फिर बदली से चढ़ेगा पारा

वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से बादल छाए हुए हैं। इसके असर बस्तर में थोड़ी बारिश भी हो रही है। बादलों के प्रभाव से दिन का पारा कम होने से तेज धूप से लोगों को राहत मिल रही है, मगर रात की समस्या बनी हुई है और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मंगलवार से बादल छंटने के आसार हैं, जिससे दिन का पारा जो सामान्य जैसी स्थिति में है, उसके चढ़ने वहीं रात के तापमान में गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। इससे उमस की शिकायत थोड़ी कम हो सकती है। सोमवार को रायपुर के मौसम में विशेष बदलाव नहीं हुआ और बादलों के प्रभाव से तेज धूप की समस्या से लोगों ने राहत महसूस की। विशेषज्ञों का अनुमान है कि बंगाल की खाड़ी में तैयार सिस्टम मंगलवार को अवदाब का रूप लेगा। इसके बाद बुधवार को चक्रवात बनकर आगे बढ़ते हुए इसके ओडिशा तट तक पहुंचने के आसार है। इसका बड़ा प्रभाव प्रदेश पर नहीं होगा केवल आसमान में बादलों की मात्रा बढ़ने का अनुमान है।

# मच्छरों ने किया जीना हराम 3 घंटे में 26 शिकायतें

## सुंदरनगर, डीडीनगर, हलवाई लाइन, कबीर नगर, आदर्श नगर, बैजनाथ पारा से आया फोन

- दुर्ग की एजेंसी के टोल फ्री नंबर पर धड़ाधड़ फोन
- निगम के मच्छर उन्मूलन अभियान की निकली हवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में मच्छरों के डंक ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। यह स्थिति शहर के किसी एक इलाके की नहीं, बल्कि अलग-अलग इलाकों में बनी हुई है। लोग अब इसकी खुलकर शिकायत नगर निगम में करने लगे हैं।

अलग खबर

मच्छर उन्मूलन का ठेका लेने वाली दुर्ग की एजेंसी के टोल फ्री नंबर पर सोमवार को 3 घंटे में 26 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सुंदरनगर, डीडी नगर सेक्टर 4, हलवाई लाइन, गोल्डन होम सहित आउटर के वार्ड स्थित सड्डू, मोवा का इलाका शामिल है। दरअसल, निगम प्रशासन शहर वासियों को मच्छरों की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### इन स्थानों से प्राप्त हुई शिकायत

स्टेट बैंक कालोनी सुंदरनगर, समता कालोनी, गुढ़ियारी, सुंदर नगर, शांतिविहार कालोनी क्षेत्र, डीडी नगर सेक्टर 4, बैजनाथ पारा, शिवानंद नगर सेक्टर 3, सरोना, महावीर नगर, गुलमोहर वाटिका, मोवा, अर्जुनवेली सड्डू, गोल्डन होम, कबीर नगर, साइंस कालेज क्षेत्र, रावतपुरा कालोनी सड्डू।

### टोल फ्री नंबर पर शिकायतों की भरमार

सूत्रों के मुताबिक टोल फ्री नंबर जारी होने के पहले ही दिन शहरभर से 16 शिकायतें कंट्रोल रूम को प्राप्त हुईं। इसमें शिकायतकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में फागिंग कराने और एंटी लार्वा छिड़काव के लिए मदद मांगी। अनुबंधित एजेंसी ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करने 3 लोगों की ड्यूटी लगाई है। सोमवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे के मध्य निगम द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर 26 शिकायतें प्राप्त हुईं। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि मच्छरों से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर 24 से 48 घंटे की समय अवधि समस्या निवारण के लिए तय की गई है।

राइस मिलरों का तीन हजार करोड़ का बकाया

# जब तक पेमेंट नहीं तब तक न मिलिंग, न पंजीयन, एग्रीमेंट करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग की बकाया राशि करीब 3 हजार करोड़ की वसूली के लिए आंदोलित हो रहे हैं। लंबे समय से भुगतान की मांग कर रहे मिलरों ने रविवार को रायपुर में एक बैठक के बाद निर्णय लिया है कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, मिलर इस सीजन की मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं कराएंगे। सरकार ने अगर आटो मोड में पंजीयन कर भी लिया, तो मिलर बैंक गारंटी नहीं जमा करेंगे। यह निर्णय रायपुर जिला राइस मिलर एसोसिएशन ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

- सरकार के खिलाफ विरोध जताने जुटे मिलर
- काले रंग की शर्ट पहनकर जताया विरोध

### काले कपड़े पहनकर जताया विरोध

रायपुर जिले के मिलर जब ये मीटिंग करने आए तो सरकार के खिलाफ विरोध जताने के लिए सभी ने काले रंग की शर्ट पहन रखी थी। मीटिंग में रायपुर जिले से अध्यक्ष नूरू शेख, कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय गोयल राजिम, राजीव अग्रवाल अध्यक्ष खरोरा, गिरधारीलाल अग्रवाल अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

# घर के बाहर खेल रहे छह साल के मासूम को स्ट्रीट डॉग के झुंड ने नोचा, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में स्ट्रीट डॉग का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर घर के बाहर खेल रहे एक छह साल के बच्चे को स्ट्रीट डॉग के झुंड ने बुरी तरह से नोच कर घायल कर दिया। बच्चे के परिजनों ने इस संबंध में घटना की शिकायत पुरानी बस्ती थाना तथा नगर निगम कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक लाखेनगर, सिंधी मोहल्ला निवासी दीपक केवलानी ने अपने बेटे को स्ट्रीट डॉग काटने की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को उनका बेटा घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान घर के बाहर चार-पांच स्ट्रीट डॉग जो आपस में लड़ रहे थे, उन कुत्तों ने अचानक उनके बेटे पर हमला कर दिया। दीपक ने पुलिस को ▶▶ शेष पेज 13 पर

### नसबंदी में तेजी नहीं आने से शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या में इजाफा



### शिकायत के आधार पर सर्जरी कर छोड़ा जाता है

पशु चिकित्सा विभाग के दो डॉक्टरों के मार्गदर्शन में बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय में स्ट्रीट डॉग की नसबंदी और देख रेख की व्यवस्था की गई है, जिसमें शिकायत के आधार पर डॉग कैचर की मदद से लाए गए स्ट्रीट डॉग की सर्जरी कर छोड़ा जाता है।

- विनोद पाण्डेय, अपर आयुक्त

### पेट डॉग के छोड़ने से भी बढ़ रही समस्या

राजधानी में कई ऐसे लोग भी हैं, जो डॉग पालने के शौकीन हैं। उनमें ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो घर में डॉग पालने के एक समय बाद सड़कों पर आवारा छोड़ देते हैं। ऐसे पेट डॉग जिन्हें अपने मालिक के घर में आसानी से भोजन मिलता था, सड़कों पर छोड़े जाने के बाद भोजन के लिए उन्हें भटकना पड़ता है। इसके साथ ही अन्य स्ट्रीट डॉग के साथ उनकी लड़ाई होती है। ऐसे पेट डॉग खाना नहीं मिलने की स्थिति में हिंसक हो जाते हैं और लोगों पर हमला करते हैं।

**डॉग पालने के नियमों का पालन नहीं :** डॉग पालने के लिए नगर निगम की अलग से गाइड लाइन है। गाइड लाइन के मुताबिक जो अपने घर में डॉग पालते हैं, उन्हें नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में पांच से दस हजार रुपए जमा करना पड़ता है। डॉग पालने वाले नियमों की अनदेखी कर अपने घर में डॉग पालते हैं।

# बेंगलुरु से आने दिवाली का टिकट 15 हजार तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छुट्टियां बिताने दूसरे शहरों से घर आने वालों के सफर की वजह से दिवाली के दिनों की हवाई यात्रा लगातार महंगी होती जा रही है। खासकर जिन शहरों से एक-दो उड़ान का संचालन होता है, वहां का फेयर अभी से आसमान पर पहुंचने लगा है। बेंगलुरु से रायपुर के बीच दो उड़ान का संचालन किया जाता है, जिसका किराया 15 हजार तक पहुंच चुका है।

- पुणे, चेन्नई का किराया भी दस हजार के करीब

बेंगलुरु के अलावा पुणे, चेन्नई के लिए भी रायपुर से सीमित उड़ानें हैं, जिसकी वजह से इनका किराया भी दिवाली के ▶▶ शेष पेज 13 पर

### उड़ान होगी नियमित

दिवाली के पहले रायपुर से चेन्नई और पुणे जाने वाली उड़ान भी नियमित हो जाएगी। अभी इनका संचालन सप्ताह में तीन से चार दिन किया जाता है। अधिक यात्रियों की संभावना को ध्यान में रखते हुए विमानन कंपनी इसकी घोषणा काफी दिनों पहले कर चुकी है। अक्टूबर की शुरुआत में अहमदाबाद की उड़ान को भी नियमित किया गया था।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पेंशन का पेंच, नगरीय निकाय नहीं दे रहे अंशदान का ब्योरा, कर्मी हो सकते हैं लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को अपने कर्मियों के पेंशन संबंधी अंशदान और निकाय अंशदान का ब्योरा नहीं दे रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संचालनालय ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त (रायपुर को छोड़कर) एक आदेश जारी किया है कि अगले 15 दिनों में ये ब्योरा दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कर्मियों को अंशदान पर मिलने वाले आनुषांगिक लाभ नहीं मिलेंगे।

**जारी हुआ ये आदेश :** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निगम आयुक्तों, सभी पालिका और नगर पंचायतों के सीएमओ, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय यांत्रिकी प्रकोष्ठ सूडा को इस संबंध में आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों को 1 नवंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के संबंध में मांगी गई जानकारी 15 दिनों में देने कहा है। साथ ही ये भी साफ किया गया है कि अगर 15 दिनों में जानकारी निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी जाती है तो ये माना जाएगा कि वर्तमान में दर्ज कर्मचारियों की राशि पूरी तरह से सही है और भविष्य में किसी प्रकार की मांग होने पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जाएगा।

## अब 15 दिनों में देना होगा पूरा ब्योरा, संचालनालय ने जारी किया आदेश



### ये है मामला

1 नवंबर 2004 के बाद नगरीय निकायों में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत नवीन अंशदायी पेंशन की राशि हर माह की 7 तारीख तक कटौती कर संचालनालय के नवीन पेंशन खाते में जमा कर कटौती विवरण एवं बैंक रसीद संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। इस बात को लेकर पहले भी निकायों को निर्देश दिए जा चुके हैं। लेकिन अभी भी कई निकायों द्वारा समय पर राशि संचालनालय को नहीं भेजी जा रही है। अगर जानकारी भेजी भी जा रही है तो उसकी जानकारी निर्धारित प्रारुप में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही वर्तमान में संचालनालय के एनपीएस शाखा में आज दिनांक तक निकायों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भेजी गई जानकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए एनएसडीएल मुंबई को भेजी जा चुकी है एवं निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त राशि एनएसडीएल को भेजे जाने के लिए शेष नहीं है।

## खबर संक्षेप



### 27 नवंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर निर्धारित की गई है।

### केदार के ओएसडी बने वैद्य

**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी जितेंद्र कुमार गुप्ता की सेवाएं सहकारिता विभाग को वापस करते हुए प्रदीप कुमार वैद्य को श्री कश्यप का नया ओएसडी बनाया गया है। श्री वैद्य संयुक्त कलेक्टर कांकेर के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### परिवार के बदलते परिदृश्य पर आज से सेमिनार

**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय रायपुर के समाजशास्त्र विभाग एवं छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन 22 और 23 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का विषय वैश्वीकरण एवं भारतीय समाज-परिवार का बदलता परिदृश्य एवं उभरती चुनौतियाँ है। इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न राज्यों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक एवं छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति शर्मा, सह-समन्वयक डॉ. मनीषा महापात्रा एवं आयोजन सचिव डॉ. प्रमिला नागवंशी ने बताया कि इस सेमीनार के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना आर. होंगे। मुख्य वक्ता बीएचयू (यूपी) के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. अरविंद जोशी होंगे।

## चुनाव : 26 को भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# कल भाजपा की नामांकन रैली, मुख्यमंत्री साय सहित कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 23 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। रैली एकात्म परिसर से शुरू होकर कलेक्टोरेट तक निकाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में सोमवार को दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा, एवं श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह मौजूद थे।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं का कर्जदार हूं, जिन्होंने मुझे आठ बार विधानसभा चुनाव में जिताकर मुझे विधायक बनाया। रायपुर दक्षिण मेरा घर है। अब जनता की सेवा करने के लिए एक और विधायक सुनील सोनी के रूप में चुनना है। उन्होंने कहा, यह चुनाव भविष्य में होने वाले नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को कार्यालय उद्घाटन और दक्षिण विधानसभा सम्मेलन होगा।

### एकात्म परिसर में बनाई गई चुनाव की रणनीति



### तीन विधायकों को मंडल का प्रभार

भाजपा ने चुनाव की रणनीति और कार्य योजना तैयार की है। रायपुर दक्षिण के विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी भाजपा विधायकों को सौंपी गई है और कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित भूमिकाएं दी जा रही हैं। चुनावी तैयारियों के तहत, विधायक पुरंदर मिश्रा को सिविल लाईस मंडल, मोतीलाल साहू को पुरानी बस्ती मंडल और राजेश मूणत को लाखे नगर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं केदार गुप्ता और अवधेश जैन को सदरबाजार मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

### रिकार्ड बनाकर जीतना है : शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कहा, पूरे प्रदेश में जीत का वातावरण राजधानी से तय होता है। हमें इस बार जीतना ही नहीं, बल्कि रिकार्ड बना कर जीतना हासिल करना है। चुनाव प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह केवल रायपुर दक्षिण का चुनाव नहीं है, बल्कि रायपुर के सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का संकल्प का चुनाव है।

### जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे सफल बनाना है : मूणत

विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा, पार्टी ने जो बड़ी जिमेदारी हम सब को सौंपी है, उसे सफल बनाना है। हमें इस चुनाव में पूरी मेहनत करनी है और विजय हासिल करने तक हमें रुकना नहीं है।

### शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं : सोनी

रायपुर दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी ने प्रत्याशी बनाए जाने पर सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, रायपुर की जनता ने मुझे सभापति, महापौर, सांसद के रूप में देखा है। इस शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं। उन्होंने कहा, सांसद बनने के बाद मैंने रायपुर को विकसित शहरों की श्रेणी में लाया।

## अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर बृजमोहन होंगे स्टार प्रचारक

मुख्यमंत्री, सभी मंत्री और पूर्व राज्यपाल बैस सहित 40 की सूची



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम की घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा ने निर्वाचन आयोग को भाजपा के स्टार प्रचारकों के 40 नामों की सूची दी है। सूची में अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वहीं सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। सभी स्टार प्रचारक दक्षिण विधानसभा में सभाओं के माध्यम से भाजपा को वोट करने की अपील करेंगे।

### प्रदेश प्रभारी सहित कई विधायकों के नाम

जारी सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, गौरीशंकर अग्रवाल, राजेश मूणत, चंदू लाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडेय, शिवरतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खुबचंद पारख, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, ललीत चंद्राकर, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत और नंदे साहू शामिल हैं।

## खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक जायसवाल हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- राशन बचत घोटाले में विभाग के अधिकारी कर रहे थे अफसर को हटाने की मांग

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल को हटा दिया है। उन्हें खाद्य विभाग मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर नीलिमा एल्मा को मंत्रालय से संचालनालय में बतौर अतिरिक्त संचालक पदस्थ किया है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग में 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले में संचालनालय के अतिरिक्त संचालक का नाम प्रमुखता से आ रहा था। बताया गया है कि राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र गायब करा दिए गए। राशन दुकानदारों का कमीशन काट लिया गया। बाजार से नियम विरुद्ध चावल खरीद कर रखवाया गया। विभाग के मैदानी अमले पर कार्यवाही का दबाव डालने की कोशिश की गई। इन कारणों से खाद्य विभाग सहित प्रदेश के 13 हजार राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गए। करोड़ों के राशन बचत घोटाले को लेकर पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। विभाग के अधिकारियों ने समिति से मांग की थी कि अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल के खाद्य संचालनालय में पदस्थ रहते हुए निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

### नए फरमान के विरोध के बाद कार्रवाई

हाल ही में खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार कर दिया था।

## प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि अब तक की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की जानकारी प्रस्तुत की गई। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित भाजपा केंद्रीय समिति की बैठक में बताया गया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार हो गया है। प्रदेश में 3 सितम्बर से भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई थी। 19 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे तक भाजपा ने अपनी रिकॉर्ड सदस्य संख्या 50,09,658 के आंकड़े को पार कर लिया है। अब प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चल रहा है। श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा की सदस्यता लेने के लिए प्रदेश में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सदस्यता की विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया सुनिश्चित की गई थी, इसलिए इस अभियान में समय काफी लगा है। इधर इस पूरी अवधि में काफी तीज-त्योहार भी पड़े। बावजूद इसके, प्रदेश में भाजपा सदस्यों की संख्या 50 लाख पार हो जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमती कमला जैन पति श्री सुभाष जैन निवासी सदर बाजार, रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री वासुदेव मजूमदार पिता- स्व. श्री वेणीमाधव मजूमदार एवं आयुष मजूमदार पिता- श्री वासुदेव मजूमदार, दोनो निवासी एन. के. कॉलोनी, कोंडागांव जिला कोंडागाव, छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा - ठेलकाबांधा, प.ह.नं. 00025, रा.नि.मं.-नवापारा, तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 1184, 1185/1, 1185/2, 1186, 1188 / 2 कुल रकबा 1.9100 हेक्टेयर है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग. दिनांक 21/10/2024

(गीतेश कुमार बैस) अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98274-62029, 97552-01111

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.मा.क./202410111700069/ब/ 121 वर्ष 2023-24

धरसींवा, दिनांक 16/10/2024

ग्राम उरला प.ह. नं. 29 रा.नि.मं. रायपुर - 21 रावांभाठा तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छ.ग. प्रांतीय अखण्ड ब्राम्हण समाज बीरगांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम उरला, प.ह.न. 21 रा. नि.म. रायपुर - 21 रावांभाठा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 287/1 का भाग रकबा 0.406 हे. भूमि सामाजिक कार्य हेतु भूमि आबंटन बाबत् आवेदन कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय रायपुर से जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि आबंटन बाबत प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/11/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धरसींवा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री ऋषभ धर पिता श्री सुकुमार धर निवासी शताब्दी नगर मकान नं. 33/1725 तेलीबांधा जिला रायपुर एवं कु. सुमन बेन पिता श्री हुकुमचन्द बेन निवासी म.नं. 1414 तेलीबांधा न्यु पोल्ट्री फार्म के पास जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15 नवम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

## उप चुनाव के लिए तीन ने नामांकन दाखिल किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सोमवार को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

### 20 नामांकन पत्रों की बिक्री


*रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 अभ्यर्थियों ने 20 नामांकन खरीदा है। सोमवार को भारतीय सर्वजन हितार्थ समाज पार्टी से विक्रम आडवानी, अखिल भारतीय जन संघ समर्थित रवि कुमार श्रीवास, निर्दलीय हाजी हैदर भाटी, नंदिनी नायक, सर्व आदी दल से अंकुश नंदराम बरीयेकर, शक्ति सेना भारत-देश से सविता बंजारे ने नामांकन पत्र खरीदा है।*

### सीएचसी को मिलेगा बेहोश करने वाला डाक्टर

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनीस्थिसिया के डाक्टर की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के दौरान उन्हें इस बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने सीएमएचओ को डीएमएफ मद से डाक्टर की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ सेंटर में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, डेंटल, फिजियोथिरेपी, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, ट्रामा सेन्टर, ऑफिस, एनआरसी का निरीक्षण किया।

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जय कहीं ना हो काम, तो हमसे लें समाधान"

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"

बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
:- संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# नहीं मिले पर्याप्त आवेदन, जीरो परसेंटाइल में बीएससी प्रवेश को हरी झंडी का इंतजार

## सहमति के लिए नर्सिंग काउंसिल को चिकित्सा शिक्षा विभाग भेजेगा चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवेदन का एक और मौका देने के बाद भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पर्याप्त छात्र नहीं मिले। बीएससी नर्सिंग के प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के नियम को अनुमति देने के लिए आईएनसी से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग काउंसिल को पत्र भेजने की तैयारी में है।

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन का हाल काफी बुरा है। शासकीय कालेजों में तो प्रवेश किसी तरह पूरा हो जाता है, मगर निजी कालेजों की स्थिति काफी बुरी हो जाती है। इस बार भी एमएससी समेत अन्य नर्सिंग विषयों में एडमिशन के लिए निजी कालेजों में छात्रों का टोटा पड़ा है। खासकर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के लिए 4775 सीटें खाली हैं जो बड़ा आंकड़ा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने इन सीटों पर एडमिशन के प्रवेश परीक्षा में पात्र हुए अभ्यार्थियों से पुनः आवेदन मंगाया था, मगर अनुमान के विपरीत बेहद कम संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई। सोमवार को प्राप्त आवेदनों के आधार पर 560 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी कर उन्हें 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि इसके बाद खाली सीटों का हवाला देते हुए न्यूनतम अंक के नियम को समाप्त कर जीरो परसेंटाइल के आधार पर प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को पात्र किए जाने की मांग की जाएगी। नर्सिंग विषयों में भी एडमिशन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तय की गई है, इसलिए जीरो परसेंटाइल पर प्रवेश अगले तीन चार दिनों में प्रारंभ किए जाने की संभावना है।

### खास बातें

- राज्य के निजी नर्सिंग कालेजों में खाली हैं बीएससी की 4775 सीटें
- 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया



### एमएससी का भी हाल बुरा

बीएससी की तरह एमएससी नर्सिंग एडमिशन का भी हाल बुरा है। एमएससी के नए ऑनलाइन आवेदन की संख्या 153 है, जबकि खाली सीट 416 है। इसी तरह पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 232 सीटों के लिए 115 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इन पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर ही तय की गई है।

# दीपावली से अधिक छठ पूजा में वेटिंग सारनाथ में 260, स्पेशल में भी 144

## अब स्लीपर में वेटिंग यात्रियों से बढ़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली से पहले ट्रेनों में घर जाने की भीड़ अब बढ़ने लगी है। वर्तमान में आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग रेलवे ने परिवर्तित कर दिया है, जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। मुंबई से हावड़ा रूट पर यात्रियों की भीड़ अधिक है। रायपुर से उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र समेत दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में अब सफर करना मुश्किल होने लगा है। बड़ी संख्या में अब वेटिंग यात्री एक बार फिर से सफर करने लगे हैं, जबकि रेलवे ने ऐसे यात्रियों को सफर करने पर प्रतिबंध लगाया था।

- दीपावली के नजदीक आते ही स्टेशन में बढ़ी यात्रियों की आवाजाही रोजाना 70 हजार कर रहे सफर

हरिभूमि ने जब ट्रेनों में बुकिंग को लेकर पड़ताल की, तो पता चला, बिहार और उत्तरप्रदेश रूट की ट्रेनों में दीपावली से अधिक छठ पूजा के दौरान भीड़ है। ट्रेनों में वेटिंग 200 से अधिक हो चुकी है। सारनाथ, साउथ बिहार समेत दुर्ग-कानपुर ट्रेनों में 1 से 7 नवंबर के बीच भारी वेटिंग है। इसके बाद भी रेलवे ने बुकिंग बंद नहीं की है। पर्व से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को रायपुर से दिल्ली जाने वाली समता के स्लीपर में 60 वेटिंग है। उधमपुर एक्सप्रेस में 50 और छत्तीसगढ़ 40 है। भोपाल जाने समता एक्सप्रेस में भी ट्रेन की कुल वोटिंग अभी 60 के पार है। एक्सप्रेस ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिलने से अब बड़ी संख्या में लोग प्रीमियम ट्रेनों का टिकट खरीदने लगे हैं।

### छठ में घर जाने नहीं मिल रहा टिकट

शहर के सॉफ्टवेयर तेजपाल सिंह घर पर छठ मनाने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन ट्रेनें उनकी व उनके स्वजन की खुशियों में राह का रोड़ा बन गई हैं। किसी भी ट्रेन का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। अब उनकी समझ में नहीं आ रहा क्या करें। बातचीत में कहते हैं कि अब तो प्राइवेट बसों पर ही भरोसा है, लेकिन प्राइवेट बस संचालकों ने भी त्योहारों में किराया बढ़ा दिए हैं। एक यात्री की दो से ढाई हजार रुपये में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। 1 से 5 नवंबर के बीच सारनाथ व साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन में वेटिंग 150 से 250 तक है। ऐसे यात्री को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना शून्य है। स्पेशल ट्रेन में भी वेटिंग 100 पार कर चुकी है। ट्रेन से छपरा या फिर पटना जाना भी मुश्किल है।



### ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति

यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। इसीलिए सूची लंबी होती है। हालात ये हैं कि बिना अतिरिक्त कोच लगाए किसी यात्री का रिजर्वेशन टिकट कंफर्म होने वाला नहीं है। रेलवे के मुख्य रिजर्वेशन ऑफिस के अनुसार नवंबर के पूरे महीने तक पूरी तरह से ट्रेनें पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहीं, जिसमें वेटिंग सूची 100 के करीब न चल रही हो। ऐसे में ट्रेनों में अब नो रूम जैसी स्थिति बन चुकी है। जल्द ही रेलवे यात्रियों की संख्या बढ़ने से उन ट्रेनों की बुकिंग बंद कर सकता है।

### दोगुना हुई यात्रियों की आवाजाही

रेलवे का सबसे पीक यात्री सीजन दीपावली है। वर्तमान में यात्रियों की आवाजाही दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। सामान्य दिनों में जहां 60 से 70 हजार लोग सफर करने हैं। जितनी भीड़ ट्रेनों में रहती है, उतनी ही प्लेटफार्म पर ट्रेन आने के दौरान नजर आने लगी है। रायपुर स्टेशन होकर आने-जाने वाली एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट किसी भी ट्रेन में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। सबसे अधिक वेटिंग बिहार और यूपी वाली ट्रेनों में हुई है। क्योंकि दिवाली पर्व के चार दिन बाद से छठ पूजा पर्व है। ऐसे में दुर्ग-सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-साउथ बिहार एक्सप्रेस हो या सिकंदराबाद-दरभंगा और बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि किसी हर श्रेणी के कोच में अब नीचे बैठने तक की जगह यात्रियों को मिल पाना मुश्किल होगा।

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में आठ डीआईजी, 10 एसपी रैंक के अफसर होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्ररपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। राष्ट्रपति 25 तथा 26 अक्टूहर को रायपुर, भिलाई में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राष्ट्रपति भवन ने पहले से ही मिनट टू मिनट कार्यक्रम राज्य सरकार को भेज दिया है।



राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को देखते हुए डीजीपी अशोक जुनेजा ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। राष्ट्रपति की सुरक्षा की कमान रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को सौंपी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तथा राष्ट्रपति जहां-जहां जाएंगी, वहां अलग-अलग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए दूसरे जिलों के अफसर तथा बल बुलाए घए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में आइजी अमरेश मिश्रा के नेतृत्व में आठ डीआइजी और करीब 10 एसपी रैंक के अफसर तैनात रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी रैंक के करीब दो दर्जन से ज्यादा अफसरों की ड्यूटी राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगाई गई है।

### इन अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है

राष्ट्रपति की सुरक्षा में पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, डा. संतोष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार अग्रवाल, एसएसपी बालाजी राव सोमावार, अभिषेक मीणा, सुजीत कुमार, डा. अभिषेक पल्लव, प्रशांत ठाकुर, मिलना कुर्रे, अमित तुकाराम कांबले, धर्मेंद्र सिंह तथा सचिंद्र चौबे की ड्यूटी लगाई गई है।

### रिंग रोड पर आवाजाही होगी प्रभावित

ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास के बाद राष्ट्रपति की आवाजाही रिंग रोड एक से होगी। इस लिहाज से राष्ट्रपति के आवाजाही करने के समय रिंग रोड में भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। राष्ट्रपति किसी कार्यक्रम में शामिल होंगी, उस समय धीरे-धीरे कर भारी वाहनों को छोड़ा जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व पुनः भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। ट्रैफक अफसर के अनुसार जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

पेज 11 के शेष ...

### घर के बाहर खेल...

बताया है कि उनके मोहल्ले में रहने वाला मुरली किंगरानी का परिवार स्ट्रीट डॉग को खाना देता है। इस वजह से मोहल्ले में स्ट्रीट डॉग हमेशा मंडराते रहते हैं और हर आने-जाने वाले लोगों पर अटैक करते हैं। इस बात को लेकर मोहल्ले के लोगों के साथ मुरली का कई बार विवाद हो चुका है। **नसबंदी में तेजी नहीं आने की वजह से बढ़ रही समस्या** : स्ट्रीट डॉग की संख्या पर अंकुश लगाने नियमित रूप से कुत्तों की नसबंदी करने के आदेश हैं, अमला कम होने की वजह से निगम नियमित रूप से महज 10 से 12 स्ट्रीट डॉग की नसबंदी हो रही है। इसके कारण भी शहर में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### जब तक पेमेंट नहीं...

लिया है। इसी तरह का निर्णय बालोद जिला राइस मिलर्स ने भी लिया है। हालांकि ये मामला प्रदेश स्तर का है। पूरे प्रदेश के मिलरों का करीब 3 हजार करोड़ का बकाया पिछली कांग्रेस सरकार के समय का है। रायपुर जिले के मिलरों की रविवार को हुई मीटिंग के संबंध में एक बयान जारी कर कहा गया है कि रायपुर के मिलर्स ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जब तक शासन के द्वारा हमारे सभी मदो में कस्टम मिलिंग राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक रायपुर जिले में किसी भी मिलर के द्वारा पंजीयन एवम एग्रीमेंट नहीं कराया जाएगा, मार्कफेड को बारदाना नहीं उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही आटो पंजीयन होने की स्थिति में किसी भी मिलर के द्वारा बैंक गारंटी नहीं प्रस्तुत किया जाएगा। मिलरो ने ये भी कहा है कि कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया जाए।

### काले कपड़े पहनकर...

नयापारा,विवेक छापरिया अध्यक्ष अभनपुर, राजू गांधी अध्यक्ष तिल्दा, सुमित अग्रवाल महामंत्री रायपुर जिला, सनी अग्रवाल महामंत्री रायपुर जिला और टीनू अग्रवाल अध्यक्ष आरंग उपस्थित थे।

### मच्छरों ने किया...

समस्या से निजात नहीं दिला पाया है। शहर के दस जोन के 70 वार्डों में जोन स्तर पर हर साल फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव के नाम पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा योजना बनाकर एकमुश्त रकम खर्च की जाती है, पर शहरवासियों को इसका लाभ अपेक्षा अनुरूप नहीं मिल पाया है। नगर निगम के पास 2 बड़ी फागिंग मशीनें हैं, इनमें से एक मशीन 2 साल से खराब पड़ी है, जिसकी मरम्मत नहीं कराई गई। दूसरी फागिंग मशीन केवल वीआईपी एरिया और बड़े सरकारी आयोजन के लिए सुरक्षित रखी गई है। जन शिकायतों के बाद शहरी सरकार ने पहली बार 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत प्लान बनाकर दुर्ग की एजेंसी को ठेका दिया है। 1 करोड़ 25 लाख में यह ठेका 3 माह के लिए ट्रायल पर दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी ने 100 कर्मचारी रखकर शहर के अलग-अलग वार्डों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव शुरु कराया है। साथ ही निगम मुख्यालय में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है। आम जनता की शिकायत सुनने एजेंसी ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है।

### बेंगलुरु से आने ...

दौरान सामान्य से ज्यादा हो चुका है। छत्तीसगढ़ के छात्र बड़ी संख्या में बेंगलुरु और पुणे पढ़ाई के लिए जाते हैं। दिवाली सहित छुट्टियों के अन्य दिनों में इनकी घर वापसी होती है, जिसकी वजह से परिवहन के साधनों में भीड़ बढ़ जाती है। रायपुर से इन शहरों के लिए फ्लाइट का संचालन भी किया जाता है, जिसमें दिवाली के आसपास के टिकट काफी संख्या में बुक हो रहे हैं। इसका प्रभाव किराए पर भी नजर आ रहा है, जो सामान्य से अधिक हो चुके हैं। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार दिवाली के पहले यानी 29 अक्टूबर को बेंगलुरु से रायपुर आने का किराया 15 हजार तक पहुंच चुका है। इसी तरह पुणे से रायपुर का फेयर 9 हजार के करीब, पुणे और चेन्नई का किराया दस हजार के करीब जा चुका है। इसी तरह अक्सर डिमांड में रहने वाले मुंबई से रायपुर का टिकट 29 अक्टूबर को 13 हजार तक पहुंच चुका है।

# उपासने भाइयों में विवाद एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बीजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने और उनके बड़े भाई जगदीश उपासने का विवाद खुलकर सामने आ गया है। जगदीश उपासने का आरोप है कि सच्चिनानंद ने मां के ऑफिस और घर से ताला तोड़कर सारा सामान निकाल लिया है। सच्चिदानंद उपासने पूर्व विधायक रजनी उपासने के बेटे हैं। वहीं, सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि उनके भाई भूपेश बघेल के मित्र हैं। कांग्रेसियों के साथ मिलकर बीजेपी को बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने मुझे 2 थप्पड़ मारे हैं, लेकिन वह थाने नहीं जाएंगे, क्यों परिवार का मामला है। थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो रहा है।

मामले में भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने ने कहा, मेरा वहां पर 1980 से कार्यालय था। अब नया मकान बनवा लिया हूं। अतः वहां से सामान निकालने के लिए गया था। कार्यालय का ताला काफी पुराना था, उसमें जंग लग गया था, अतः मैंने गोलबाजार से ताला खोलने वाले को बुलाया। जंग लगे होने के कारण वह भी नहीं खोल पाया, तो ताला तोड़ने कहा। वहां से मैंने फर्नीचर और कुछ सामना निकाला था। वहां पर लोकतंत्र सेनानी संगठन का चेक बुक और कई दस्तावेज रखे थे उसे भी निकाल रहा था, उसी समय यह वाक्या हुआ। मुझ पर मेरे बड़े भाई ने डकैती डालने का आरोप लगाते हुए मारपीट की, पर मैं बड़े भाई को पिता तुल्य मानता हूं, इसलिए कोई प्रतिक्रया नहीं व्यक्त की।

## खबर संक्षेप



### आईटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का वृद्धाश्रम भ्रमण

रायपुर। स्व. कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैंप में आईटीएम विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक समूह ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मिलकर उन्हें भोजन कराया और मिठाई बांटी। साथ ही सूखा अनाज भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने दीपावली के पूर्व सामाजिक सरोकार के दृष्टिकोण से असहाय निराश्रित बुजुर्गों से मिलकर उन्हें कुछ पल की खुशियां बांटीं। इस अवसर पर अनीश बैनर्जी, डॉ. अमिय जानी, गुंजन सिन्हा, छात्र छात्राओं का समूह, वृद्धाश्रम की वार्डन पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव उपस्थित रहे।

### मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का एजाजी प्रोग्राम



रायपुर। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का एजाजी प्रोग्राम गत दिनों शहीद स्मारक भवन रायपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर मो. अबु समा, मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. वाजिद अली औरंगाबाद, मौलाना रिजवान लूतरा शरीफ रहे। करीब 400 छात्र-छात्राओं का सम्मान कर आगे भी अच्छी शिक्षा हासिल करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में फाउंडर मेंबर/फोरम के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का खास योगदान रहा।

### निमोरा में होगा रूद्र महायज्ञ, जल और मिट्टी एकत्र करने में जुटे



रायपुर। निमोरा में प्रस्तावित अति रुद्र महायज्ञ की तैयारी के लिए भवानी भवन मूर्ति कला केंद्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू चार धाम भारतवर्ष के 24 तीर्थ, प्रमुख नदियों, महासागरों का जल और मिट्टी एकत्र करने में लगे हुए हैं। वर्तमान में धर्मस्थलों नदियों और महासागरों की मिट्टी और जल एकत्र करने के लिए भारतवर्ष के दक्षिण क्षेत्र में यात्रा कर रामेश्वरम तिरुपति मदुरै और वहां के महासागर की मिट्टी और जल एकत्र करने में लगे हुए हैं। यह इनका अंतिम चरण है, जब पूरे भारतवर्ष के लगभग 300 धर्मस्थलों, चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग, नदियों तथा महासागरों का जल लेने भारत के दक्षिण राज्यों के भ्रमण पर है। श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2011 में सतचंडी यज्ञ, वर्ष 2017 मे रुद्र महायज्ञ के बाद से ही उन्होंने वर्ष 2025 में अति रुद्र महायज्ञ करने का संकल्प ले लिया था।

## निधन

### दीपक ताम्रकार



रायपुर। भाठागांव निवासी छालीवुड कलाकार एवं जल संसाधन विभाग रायपुर में पदस्थ क्लर्क दीपक ताम्रकार का 20 अक्टूबर को निधन हो गया। वे तारकेश ताम्रकार के पिता थे।

### मनोहर राव शेष



रायपुर। तात्यापारा निवासी मनोहर राव शेष (88) का 21 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजेंद्र शेष, अनुराग शेष, नीलिमा सावरगांवकर, मनीषा देशमुख, निवेदिता तलेगांवकर के पिता थे।






हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

परंपरा संग सेहत... धनतेरस के लिए ...

लाइव इवेंट

## 'नाश्ता गली' में सजे होममेड पकवान दीपावली के लिए व्यंजनों की खरीदी



**रायपुर।** किसी भी परिवार के लिए दीपावली की शॉपिंग बहुत यादगार होती है। त्योहारों के सीजन में मिठाई व नमकीन के वेरिएशन, घर की सजावट, रंगोली, दीया एवं डेकोरेशन ये सब कुछ हर साल आने वाली दिवाली में एक नयापन व ताजगी भर देता है। इन्हीं सब छोटी-छोटी यादों को संजोने के लिए जीतो लेडीज विंग हर साल नाश्ता गली का आयोजन करता है। इसी कड़ी में इस वर्ष सिटी सेंटर मॉल पंडरी में प्री दीपावली नाश्ता गली का आयोजन किया गया। यह एक प्री दीपावाली एग्जीबिशन था। जिसमें सभी ने होममेड एवं हैंडमेड उत्पाद को देखा, परखा एवं साथ ही खरीदा भी।

### घर के स्वाद को आधुनिक टच

संस्था सदस्यों ने बताया, घर के स्वाद को आधुनिक जायके के साथ प्रस्तुत करने की कोशिश की गई। यहां पेश किए गए सभी उत्पाद केमिकल या प्रिजर्वेटिव मुक्त रहे। महिला स्वावलंबन को आगे बढ़ाने का अनोखा प्रयास इसके जरिए किया गया। आयोजन में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इनमें फैंसी दीपक, तोरण, बंदनवार, रंगोली, मिठाई, नमकीन, चॉकलेट, खाखरा, मुंगड़ी इत्यादि चीजें शामिल रहीं। यह कार्यक्रम साल में तीन बार दीपावली, होली एवं रक्षाबंधन के अवसर पर करते हैं। संस्था के चेयरमैन तिलोक बरड़िया, अंकुश गोलेछा, नरेश नाहर, अभय भंसाली, सुशील बरलोटा, श्रीश्रीमाल सहित अन्य संस्था सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

एजूकेशन अपडेट

## केंद्रीय पात्रता परीक्षा की अर्जी में सुधार 25 तक, देना होगा शुल्क

**रायपुर।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से सीटीईटी-2024 के एप्लिकेशन विंडो में सुधार के लिए आधिकारिक वेबसाइट ctet.nic.in पर करेक्शन लिंक खोल दिया गया है। करेक्शन विंडो में सुधार करने के लिए फीस भी देनी होगी, इसके अलावा फॉर्म के सभी हिस्सों में सुधार करना संभव नहीं है। सीटीईटी करेक्शन विंडो का लिंक 25 अक्टूबर तक खुला रहेगा। इसे सीबीएसई ने कुछ खास हिस्सों में सुधार के लिए ही खोला है। सुधार के लिए सीबीएसई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर लिंक एक्टिव किया है। सुधार करने के लिए आपने फॉर्म भरने के साथ ही फीस भी जमा की होनी चाहिए। शुल्क सहित अन्य सभी जानकारियां वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### सभी कैटेगरी में सुधार नहीं

अगर आपने फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी द्वारा कोई गलती हुई है, तो निर्धारित तिथि तक इसे ठीक कर सकते हैं। अगर नौकरी पेशा व्यक्ति हैं तो इसकी जानकारी, इसके अलावा दिव्यांग होने पर उससे जुड़ी श्रेणी में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा शैक्षणिक योग्यता, चुने गए पेपर, मोबाइल नंबर, सीटीईटी पेपर 2 का विषय, परीक्षा केंद्र और दोनों पेपर की भाषा में भी बदलाव किया जा सकता है। मोबाइल नंबर, शैक्षणिक योग्यता, चुने गए पेपर, पेपर 2 का विषय, परीक्षा केंद्र, और दोनों पेपर्स की भाषा भी सुधार के लिए खुले हैं। कई सेक्शन ऐसे हैं, जिसमें सुधार का विकल्प नहीं दिया गया है।

एग्जाम अपडेट

## जनवरी सेमेस्टर के लिए अर्जी 31 तक, सुधार एक नवंबर से

**रायपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) की जनवरी 2025 सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। संबंधित उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार, जनवरी सेमेस्टर की परीक्षा 17, 18, 24 और 25 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। इस बीच, स्वयं जुलाई 2024 सेमेस्टर के लिए पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर जारी हैं । उम्मीदवार 31 अक्टूबर तक अपने आवेदन पत्र भर सकते हैं। सुधार विंडो 1 से 3 नवंबर तक खुलेगी। परीक्षा 7, 8, 14 और 15 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक ये परीक्षाएं होंगी।

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

### मौजूद हैं 525 कोर्स

सामान्य श्रेणी के लिए आवेदन शुल्क 750 रुपए और अतिरिक्त कोर्स के लिए 600 रुपए है। एससी-एसटी, पीडब्ल्यूडी और ओबीसी श्रेणी के लिए शुल्क 500 रुपए (प्रति कोर्स) और अतिरिक्त कोर्स के लिए 400 रुपए (प्रति कोर्स) है। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए कुल 525 कोर्स उपलब्ध हैं। सभी कोर्स, उनके सिलेबस सहित अन्य सभी तरह की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर की भी सहायता छात्र ले सकते हैं।

● अगले माह से फिर बजेंगी शहनाइयां, माहभर पहले से सभी सेक्टर के लिए बुकिंग प्रारंभ

# साल खत्म होने से पहले मात्र 16 दिन सजेंगे लग्न मंडप सामाजिक भवन का किराया होटल से एक तिहाई

एक बार फिर से शादी, घोड़ी, बग्घी के साथ पटाखों के शोर से बीच जगह-जगह बारात और स्वागत के लिए भीड़ देखने को मिलने वाली है। इसके लिए महंगे होटल, मैरिज हॉल और पार्क पहले से ही बुक हैं। अब लोग ऐसे भवनों का रूख कर रहे हैं, जहां बेहतर सुविधा के बीच दो से तीन दिन के लिए बुकिंग करके मांगलिक आयोजन को पूरा किया जा सके। जहां पर मेहमानों को रूकने के लिए कमरे के साथ ही किचन सहित उद्यान और पार्किंग की सुविधा मिले। ऐसे भवनों के लिए या तो पहले से ही आवेदन ज्यादा हैं, कुछ एक में नौ महीने पहले से ही बुकिंग हो चुकी है।



### समाज को प्राथमिकता

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नरदहा स्थित केन्द्रीय कार्यालय भवन में भी मांगलिक आयोजन के लिए उपलब्ध होता है। यहां रहने और पकाने-खाने के लिए किचन की सुविधा है। पूर्व मंत्री सह प्रवक्ता ऋषि वर्मा ने बताया कि इसमें प्रतिदिन भवन का किराया 30 हजार से ज्यादा है। इसमें समाज को प्राथमिकता के साथ ही गरीब परिवार होने पर राहत के लिए विचार भी किया जाता है। गरीबों को तय शुल्क में राहत भी देते हैं। मिलने वाली राशि से ही भवन और व्यवस्था का संचालन किया जाता है। इसे सुविधा पर भी खर्च करते हैं।

**रायपुर।** जिन लोगों ने वर-वधू की तलाश में विलंब किया, ऐसे लोगों को 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी से लग्न वेदी सजाने के लिए कई शुभ मुहूर्त मिलने वाले हैं। इसके चलते एक बार फिर बाजार में रौनक लौटने लगी है। जिन लोगों ने बेटे व बेटी का रिश्ता तय किया है, अब वे शादी के लिए फार्म हाउस की जगह भवनों का रूख करने लगे हैं। इसके साथ ही बैंडबाजा और पंडित भी तय करने लगे हैं। चूंकि मुहूर्त कुछ दिनों का ही मिल सका है, इसलिए बुकिंग भी हो चुकी है। होटल की सुविधा वाले वीआईपी रोड स्थित निरंजन



धर्मशाला के बारे में सुभाष अग्रवाल ने बताया कि जिन लोगों को भी वैवाहिक आयोजन के लिए भवन की जरूरत होती है, वे शादी की तिथि तय होने के बाद प्राथमिकता से भवन बुक कराते हैं। नवंबर व दिसंबर में मिलने वाले सभी मुहूर्त के लिए नौ महीने पहले से ही लोग बुकिंग करा चुके हैं। भवन बुकिंग के दौरान सिर्फ मेंटेनेंस शुल्क का प्रावधान होने से लोग प्रतिदिन के हिसाब से 50 से 75 हजार मेंटेनेंस शुल्क जमा करते हैं।



### खाली होने की स्थिति में ही संभव

कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा संचालित आशीर्वाद भवन की मांग शहर के बीच होने से हमेशा रही है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के कार्यकारी सदस्य किरण अवस्थी ने बताया कि लोगों की मांग के हिसाब से 50 से 60 हजार रूपए प्रतिदिन का शुल्क तय है। इसमें जीएसटी भी शामिल होता है। गरीब वर्ग के लोगों को भी भवन खाली होने पर मेंटेनेंस शुल्क की शर्त पर देते हैं। अगर संबंधित परिवार उसे नहीं दे पाता है, तो समाज के लोग ही आपस में सहयोग करते हैं। यह सुविधा भवन खाली होने की स्थिति में ही संभव है।



### 17 जुलाई से लगा था विराम

गौरतलब है कि 14 मार्च से खरमास प्रारंभ हुआ था। इके बाद 18 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन तो वैवाहिक लग्न मुहूर्त शुरू हुए, लेकिन 10 दिन बाद 29 अप्रैल को शुक्र अस्त हो गया। इसके कारण वैवाहिक लग्न मूहूर्त पर विराम लग गया। जुलाई में कुछ दिन मुहूर्त मिलने के बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चार महीने के लिए चातुर्मास प्रारंभ हो गया। हिंदू शास्त्र के अनुसार इन चार महीनों में कोई भी मांगलिक कार्य करने का विधान नहीं है। नवंबर माह में देवउठनी के बाद फिर से मांगलिक कार्य प्रारंभ होंगे। नवबंर माह में 17, 18, एवं 22 से 26 तक मुहूर्त मिलेंगे। दिसबंर माह में 2 से 5 तक एवं 9, 10, 11, 13, 15 को विवाह किए जा सकेंगे।

### प्राइवेट व निगम के भवन भी फुल

फार्म हॉउस व निजी किराया भवनों का संचालन करने वाले शैलेष गुप्ता ने बताया कि नवंबर-दिसंबर में विवाह का मुहूर्त कम होने के कारण लोगों ने पहले से भवन बुक किया है। लोग खुद दौड़-भाग करने की बजाय विभिन्न रेंज में लग्न मंडप व रिसेप्शन के लिए स्टेज, खाना और सजावट के लिए ऑर्डर बुक करवा रहे हैं। शादियों में लोग पहले की अपेक्षा कम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। निगम के अधिकारी ने बताया कि मांगलिक आयोजन के लिए 15 से ज्यादा भवन पहले से बुक हैं।



**रोशनी का बाजार...**

रायपुर। दीपावली के एक सप्ताह पूर्व ही रंगीन लाइट, झूमर, आकाशदीप सहित कई तरह की रोशनियों से बाजार सज गया है। गोलबाजार और मालवीय रोड में इन्हें इतने आकर्षक तरीके से सजाया गया है कि राहगीरों की नजरें इस पर ठहर रही हैं।

## मिलेंगे विदेश में शिक्षा के टिप्स उद्यमी बताएंगे रोजगार के अवसर

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' की शुरूआत 22 अक्टूबर को होगी। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा। प्रथम दिवस 22 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर 20 से अधिक निजी कंपनियां जो कि बीज, कृषि रसायन, उर्वरक के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, द्वारा चयनित विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। रोजगार प्राप्ति की दिशा में उनके प्रतिनिधियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। 22 अक्टूबर को ''इंडस्ट्री एकेडेमिक मीट'' के साथ ''इंटरनेशनल एजूकेशन फेयर'' का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शित किया जाएगा। यूथ कानक्लेव के दौरान आयोजित स्व-रोजगार एवं स्टार्टअप कार्यक्रम में कृषि छात्र-छात्राओं संग स्टार्टअप्स, नवोदित एवं आकांक्षी उद्यमी, छत्तीसगढ़ प्रदेश के इन्क्यूबेटर्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधिगण, नवाचार, उद्यमिता और कृषि क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में नए आयाम खोलने के लिए समर्पित युवा शामिल होंगे।

मनवा कुर्मी चुनाव : खोड़स राम वर्मा नए अध्यक्ष, जागेश्वर वर्मा रायपुर राज के प्रधान

# मात्र 2 हजार वोटों के अंतर से जीते नए केंद्रीय अध्यक्ष दो राजप्रधान के पद पर इस बार महिलाओं का कब्जा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अगस्त के अंतिम पखवाड़े से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों में सात राज प्रधान और एक केन्द्रीय अध्यक्ष चुनाव को लेकर चर्चा का दौर शुरू हुआ। जो सितंबर में चरम पर रहा, लेकिन 21 अक्टूबर को अटकलों व कयासों के बीच खोड़स राम वर्मा को तीन साल के लिए केन्द्रीय अध्यक्ष के रूप में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऋषि वर्मा ने विजयी घोषित किया। इसके बाद उन्हें गोपनियता की शपथ दिलाई गई। इसका साक्षी बनने और सात राज प्रधानों के शपथ ग्रहण में शामिल होने हर वर्ग के लोग नरदहा स्थित केन्द्रीय कार्यालय पहुंचे थे। इसमें राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी शामिल हुए। समारोह में कुर्मी समाज के निर्वाचित प्रातिनिधियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि समाज का प्रमुख सहज व सुलझा हुआ होना जरूरी है। समाज के बहुत से निर्णयों को अन्य समाज ने स्वीकार किया है। समाज को नई दिशा दिखाने और विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए जागरूकता जरूरी है।



### इन्हें मिली जिम्मेदारी

इसके बाद नवनिर्वाचित सात राज प्रधानों को राजस्व मंत्री वर्मा के साथ समाज के संरक्षक विपिन बिहारी वर्मा, मन्नु लाल परघनिहा ने गोपनियता की शपथ दिलाई। इनमें धरसींवा राज प्रधान के रूप में विजेता बने नीलमणि परगनिहा, धमधा से सत्यभामा परगनिहा, पलारी राज से रामखिलावन को राज प्रधान चुना गया। वहीं बलौदाबाजार राज से सुनीता वर्मा, तिल्दा राज से ठाकुर राम वर्मा, रायपुर राज से जागेश्वर वर्मा, दुर्ग राज से ईश्वरी वर्मा ने समाज की मौजूदगी में शपथ ग्रहण किया।

### कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाना प्राथमिकता

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नए केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कहा कि अगुवाई करने वालों के प्रति विश्वास व एकता संगठित समाज को ऊर्जावान बनाता है। इससे समाज प्रगति की ओर बढ़ता है। कुर्मी समाज ने अनेक कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाकर विकसित समाज के लिए मिसाल पेश की है। ऐसे विचार और परंपरा से जुड़े समाज की प्रगति में जो बाधा बनेंगे, ऐसे मामलों में सर्वसम्मति से प्रतिबंध लगाया जाएगा। समाज को आगे बढ़ाने के लिए सर्व सहमति से ही बड़े निर्णय लिए जाएंगे।



### 1.5 लाख मतदाताओं में से 91 हजार 860 ने किया मत प्रयोग

इससे पहले रविवार को 670 बूथों पर हुए मतदान के बाद से विजेता कौन हो सकता है, इसकी अटकलें देर रात तक लगाई गई। वोट की गिनती का लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपडेट भी ले रहे थे। सभी कयासों को विराम तब लगा, जब मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सात राज प्रधान और केन्द्रीय अध्यक्ष के नामों की घोषणा की। इस चुनाव में उन्हें 24,236 वोट मिले। दशरथ वर्मा से उन्हें कड़ी टक्कर मिली। दशरथ वर्मा को 22 हजार 588 वोट मिले। डेढ़ लाख मतदाताओं में से 91 हजार 860 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। शपथ ग्रहण के साथ सभी राज प्रधानों ने सेवा का अवसर देने के लिए आभार जताया।

## आराधना

# सत्य से मिलता है आंतरिक बल इसी पर टिकी है आत्मिक शांति



**रायपुर।** सत्य जीवन का आधार है। इससे व्यक्ति आंतरिक बल पाता है। आत्मा की सुख-शांति सत्य इसी पर टिकी है। इसके विपरीत झूठ बोलने वाले दूसरों को तो धोखा देते ही हैं, खुद की आत्मिक शांति भी खो बैठते हैं। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में उपधान तप के अंतर्गत चल रही विशेष प्रवचन श्रृंखला में विराग मुनि महाराज साहब ने ये बातें कही। उन्होंने कहा, सत्य के रास्ते पर कठिनाइयां आएगी। ऐसे वक्त में हमेशा संयम बनाए रखिए। जीवन में संघर्ष और परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन सत्य का साथ देने वाला हमेशा जीतता है। अहिंसा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, हिंसा केवल शारीरिक चोट से नहीं होती। हम किसी को मानसिक या भावनात्मक रूप से चोट पहुंचाकर भी हिंसा ही करते हैं। मन, वचन, काया से किसी भी तरह की हिंसा से बचें।

### समर्पित रहना ही सच्ची भक्ति

मुनिश्री ने कहा कि अपरिग्रह का मतलब निस्वार्थता और त्याग है। जो लोग भौतिक वस्तुओं के प्रति आसक्त नहीं होते, वे मानसिक रूप से मुक्त होते हैं। अपरिग्रह का पालन कर व्यक्ति अपने भीतर शांति तलाश सकता है। जो श्रावक निस्वार्थ जीवन जीते हैं, वे हमेशा खुश रहते हैं। साधर्मिक भक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अपने धर्म का पालन करना और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। मुनि ने कहा, सच्ची भक्ति उसी में है जब हम अपने धर्म के प्रति समर्पित रहें।

## कैंपस लाइव

# भारतीय परिधान में होगा आयुष का दीक्षांत, 25 विद्यार्थियों को 33 स्वर्ण



**रायपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह शनिवार को होने वाला है। इस दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि होंगी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका करेंगे। इस आयोजन के लिए विधिवत अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही उसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलो किया गया है, ताकि छात्र एवं उनके अभिभावक भी आसानी से दीक्षांत समारोह की जानकारी प्राप्त कर सकें। सोमवार को पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. पीके पात्रा और जनसंपर्क अधिकारी डॉ.सुपर्ण सेनगुप्ता ने यह जानकारी दी।

### 25 अक्टूबर को पूर्वाभ्यास

आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में 25 विद्यार्थियों को 33 स्वर्ण पदक दिया जाएगा। 6 छात्रों को एमसीएच की उपाधि दी जाएगी। इस अवसर पर 5725 स्नातक एवं 606 स्नातकोत्तर सहित 6331 विद्यार्थियों को उनकी अनुपस्थिति में उपाधि प्रदान की जाएगी। जो कालांतर में उन्हें प्राप्त होगी। दीक्षांत का पूर्वाभ्यास 25 अक्टूबर को किया जाएगा। सभी स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता एवं उपाधि पाने वालों को परिधान विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। स्वर्ण पदक एवं उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों से भी विधिवत आवेदन मंगाए गए हैं।

## समाज इवेंट

# महिलाओं ने दिए बिजनेस टिप्स कहा- जीवन में प्रेरणा जरूरी



**रायपुर।** अघरिया समाज महिला सेवा समिति छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम एक पहल, एक आगाज के माध्यम से महिला नवउद्यमियों को प्रोत्साहित करने मंच व सम्मान देने की पहल की गई। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के सीवी रमन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य रायगढ़ कैलाश शक्राजीत नायक, समाजसेवी वर्णिका शर्मा रहे। जिनकी उपस्थिति में सुमधुर कविता के साथ कार्यक्रम का संचालन कवयित्री सुषमा पटेल एवं दिव्य पटेल ने किया। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने स्टॉल लगाया था एवं मंच पर अपने व्यवसाय की प्रेरणा, उत्पाद, कार्य एवं परिचालन संबंधी प्रस्तुति दी। अतिथियों ने उपस्थितजनों को संबोधित कर महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथियों ने अघरिया समाज महिला सेवा समिति के अध्यक्ष मंजू पटेल एवं संरक्षक कल्पना पटेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर महिला उद्यमियों क्रमशः डॉ. सुषमा नायक, नीता नायक, रजनी पटेल, विनीता पटेल, समायरा पटेल, चंद्रकांति पटेल, सुषमा पटेल, रेवती चौधरी, अनु चौधरी, अंजू पटेल, मोनिका पटेल, ममता पटेल, रेशमा पटेल, लतिका पटेल, दीपा पटेल, शिवांगी पटेल, रीता स्वावलंबी महिला गृह उद्योग को सम्मानित किया।

● तांबा, पीतल व कांसा 50 से 200 रूपए प्रति किलो महंगा, इसके बाद भी कम नहीं हुआ चलन

# परंपरा संग सेहत... धनतेरस के लिए तांबे के जलपात्र, इस बार लक्ष्मी-गणेश संग अयोध्या के रामलला की मूर्ति उपहार में

रायपुर। दीपोत्सव के लिए हर साल की तरह मार्केट सजने लगा है। खरीदी के लिए आने-जाने वाले लोगों के चलते रौनक भी बढ़ी है। हर बार कि तरह धनतेरस के दिन बर्तन की खरीदी लोग अनिवार्य रूप से करते हैं। इस परंपरा को देखते हुए गोलबाजार के थोक एवं रिटेलर्स ने भी सीजन के लिहाज से दुकान सजाया है। इस बार तांबा, पीतल व कांसा 50 से 200 रूपए प्रति किलो के भाव से महंगा हुआ है। इसके बाद भी त्योहार में पूजा के लिए मूर्तियों के साथ इन धातुओं से बने जरूरी बर्तन खरीदने के लिए लोग मार्केट पहुंच रहे हैं। पूजा एवं घर-परिवार में काम आने वाले जरूरी बर्तन प्राथमिकता में हैं। इसके चलते पूछ-परख बढ़ने लगी है।





### देवी-देवताओं की मूर्तियां खास

गोलबाजार के बर्तन मार्केट में आने वाले ग्राहकों की जरूरत और पूजा के लिए देवी-देवताओं की मूर्तियों की श्रृंखला भी सजने लगी है। इनमें लक्ष्मी माता, भगवान विष्णु, गणेश भगवान, कुबेर, लड्डू गोपाल, हनुमान के अलावा प्राथमिकता से राम दरबार को शामिल किया गया है। दुकानदार साहिल ने बताया कि तांबा, पीतल और कांसे के बर्तन की वैसे तो हमेशा पूछ-परख रहती है, लेकिन दीपोत्सव में धनतेरस के दिन लोग अनिवार्य रूप से बर्तन खरीदते हैं। दुकान में आने वाले ग्राहक वापस न जाएं , इसके चलते हर रेंज में लोटा, थाली, गुंडी, गंजी, परात भी रखते हैं। इसे लोग घर-परिवार में जरूरत के लिहाज से खरीदते हैं। मूर्तियों की पूछ-परख गिफ्ट देने की वजह से बढ़ी है।



### थाली, लोटा, गिलास की पूछ-परख

लगभग सभी बर्तन दुकानों में समय के साथ कांसे की थाली, गिलास और लोटे का चलन बढ़ा है। योग का प्रचलन बढने से लोग अब तांबे के बर्तन में पानी रखने के बाद उसका नियमित उपयोग करते हैं। इसके लिए लोटे की खरीदी लोग ज्यादा करते हैं। खाने के लिए कांसे के बर्तन को ही लोग पसंद कर रहे हैं। ग्राहकों की जरूरत को देखते हुए इस धनतेरस के लिए बाजार में विविध रेंज रिटेलर्स ने सजाए हैं। जहां लोग कांसा 14 सौ रूपए और तांबा 13 सौ रूपए प्रति किलो की दर से खरीद रहे हैं। इस बार 50 रूपए प्रति किलो की दर से उछाल के साथ पीतल 750 में मिल रही है। परंपरागत बर्तन खरीदने वालों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

### रिटेलर्स अभी से कर रहे आर्डर

बर्तन कारोबारी कमलेश जैन ने बताया कि रेट में अत्यधिक अंतर नहीं आया है। इससे मार्केट पर इसका ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। रिटेलर्स अब बल्क में तांबा, पीतल और कांसा के बर्तन की मांग कर रहे हैं। रिटेलर्स के पास अब त्योहारी सीजन के लिहाज से ग्राहकी बढ़ने लगी है। इस दीपोत्सव को खास बनाने के लिए लोग अयोध्या में विराजे श्रीराम के विग्रह स्वरूप को खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ लक्ष्मी और विष्णु की मूर्ति के साथ गणेश भगवान और विभिन्न आकृति में सजाई गई मूर्तियों की डिजाइन की परख के बाद ही खरीद रहे हैं। लोग इस बात का ध्यान देते हैं कि मूर्ति किसी प्रकार से टूटी या अधूरे स्वरूप में नहीं हो। इस सीजन में भी बर्तन की श्रृंखला सजी है।



पहली बार मेले में गरबा

# एक डाव भटाचा... नाटक ने गुदगुदाया बरसो बाद थिरके जीवन साथी संग

**रायपुर।** तत्पश्चात हास्य नाटक 'एक डाव भटाचा' (एक चाल भट्ट की) ने खचाखच भरे हाल में दर्शकों को गुदगुदाया। सर्वसमाज की बेहतरीन प्रस्तुतियों ने लोगों का मनोरंजन किया। मौका था महाराष्ट्र मंडल में आयोजित मराठी मेले का। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित मराठी मेले के अंतिम चरण में बच्चों के साथ युवाओं और बुजुर्गों ने ऐसा झूमकर गरबा किया कि लगा मानो नवरात्रि हो। महाराष्ट्र के राज कला मंदिर की दो अंकीय प्रस्तुति मराठी नाटक 'एक डाव भटाचा' में दो घंटे कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। इस नाटक में ससुर और दामाद के बीच खींचातानी के कारण कदम- कदम पर बन रहे हास्य ने दर्शकों को गुदगुदाया। इस बीच परिस्थितिजन्य शक के आधार पर उत्पन्न वड़ा-पाव बेचने वाली महिला से ससुर की करीबी ने नाटक को और भी रोचक बनाया। रोचक संवादों के बीच कभी ससुर हावी रहे तो कहीं दामाद। इस बीच बेटी, पत्नी, हवलदार और वड़ा-पाव बेचने वाली महिला के पति की मौजूदगी नाटक को और भी मजेदार बना रही थी। अंत में मजेदार संवादों के बीच गलतफहमी दूर होती है। निर्देशक व ससुर की प्रमुख भूमिका में राजेश चिटणीस ने कमाल का अभिनय किया। वहीं सीमा गोडबोले, अनिल पाखोडे, श्याम, भावना, ऐश्वर्या, अविनाश ने अपने- अपने किरदारों के साथ हास्य नाटक को गति दी।

### बांग्ला नृत्य में नजर आया दुर्गा पूजन

बंगाली समाज की टीम ने मां दुर्गा पूजा पर बांग्ला नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। सिंधी समाज की ओर से डा. नीलम आहूजा, रहमत आहूजा और खनक रघुटा की विशेष प्रस्तुति ने ध्यान खींचा। स्वर्णकार समाज और जेसीआई वामांजलि का प्रतिनिधित्व कर रही लाली सोनी ने अपने क्लासिकल डांस से तालियां बटोरीं। चंचल सोनी ने सेमी क्लासिकल डांस से दर्शकों का ध्यान खींचा। सर्वमंडल समाज की भजन की प्रस्तुति 'हमारे राम आएंगे' उल्लेखनीय रही।



गरबा उत्सव में लोगों के उत्साह को देखते हुए पहली बार मराठी मेले में गरबा खेला गया। महाराष्ट्र की परंपरागत नौ वारी साड़ी, काला चश्मा, रंगबिरंगी छतरी, डांडिया से लेकर विभिन्न प्रकार के प्राप्स के साथ महिलाओं ने गरबा खेलने के लिए तैयारी कर रखी थी। वहीं पुरुष वर्ग भी पैजामा- कुर्ता के साथ एक अलग ही उत्साह में था। सर्वसमाज की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मराठी मेले को एक दिलचस्प स्वरूप प्रदान किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की यामिनी शर्मा ने भजन की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बनाया।

# स्वरबद्ध बंदिशों, गीत, गजल व भजन में रमे रसिक, ढोलक पर सुंदर संगत



**रायपुर।** संगीताचार्य पं.गुणवंत माधवलाल व्यास की 14वीं पुण्यतिथि पर गुनरस पिया संगीत सभा का आयोजन वृंदावन हॉल में किया गया। शास्त्रीय संगीत के प्रति विगत 13 वर्षों से लगातार कार्य कर रही संस्था गुनरस पिया फाऊंडेशन ने इस वर्ष के आयोजन को गुनरस पिया की कृतियों पर केंद्रित कर किया। कवि कौशल महंत द्वारा रचित गीत को सभी विद्यार्थियों ने समवेत स्वरों में प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि पीडी रमानी रहे। अध्यक्षता सरोज पाण्डेय ने की। विशेष अतिथि महेन्द्र तिवारी रहे। शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना के बच्चों ने गुनरस पिया द्वारा रचित देश भक्तिगीत एवं भजन की प्रस्तुति दी। स्वरबद्ध बंदिशों, गीत, गजलों एवं भजनों को संस्थान के कलाकारों ने प्रस्तुत कर देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर सुशील गोल्हानी, किबोर्ड पर रियाज भाई, पैड पर शिव मिश्रा, ढोलक पर विनोद सिंह तथा हारमोनियम पर दीपक व्यास ने सुंदर संगत दी। कार्यक्रम में देर रात तक बड़ी संख्या में संगीत रसिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

**दिव्यांग छात्रों ने भी दी भजनों और देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति**

### संगीतबद्ध हुई महादेवी की रचनाएं

सुनीता सिंघानिया एवं श्रृष्टि अग्रवाल ने तुलसी दास कृत श्री राम चन्द्र कृपालु भजमन... एवं जागिये रघुनाथ कुंवर... पेश किया। जीवा तिवारी ने मीराबाई का हो जी हरि कीत गए नेह लगाए... और नानक देव का जग मीत न देख्यो कोई... भजन पेश किया। कावेरी व्यास ने महादेवी वर्मा की रचनाओं की प्रस्तुति दी। वैशाली जोशी ने सैया मैं गिरधर रंग राती और रचना चांडक सांवरा म्हारी प्रीत निभाजो जी... भजन पेश किया। दोनों ही मीराबाई की रचना रही। मिलिंद शेष ने कबीर दास के कौन ठगवा नगरिया लूट लहो... की प्रस्तुति दी।

सोमवार देर रात पीएससी ने जारी किया विज्ञापन, कल से प्रारंभ होंगे आवेदन

# पहली बार पीएससी लेगा सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा, एसआई के 307, सूबेदार के 19 और प्लाटून कमांडर के 14 पद शामिल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी किए जा चुके हैं। पहली बार प्रदेश में इन पदों के लिए भर्ती परीक्षा पीएससी आयोजित करेगा। इसके लिए सोमवार देर रात विज्ञापन जारी किए गए। गौरतलब है कि पूर्व में इस परीक्षा का आयोजन व्यापम द्वारा किए जाने की अटकलें थी। पूर्व में भी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का आयोजन व्यापम द्वारा ही किया जाता रहा है। ऐसे में इस बार भी उम्मीद थी कि यह परीक्षा व्यापम ही लेगा, लेकिन पीएससी द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने के साथ ही पद सहित सभी तरह की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने सब इंस्पेक्टर के 307 पद, सूबेदार के 19 और प्लाटून कमांडरों के 14 पदों पर सीधी भर्ती निकाल दी है। 21 अक्टूबर को जारी किए गए विज्ञापन के अनुसार सब इंस्पेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर (पीसी) के सभी 341 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगवाए गए हैं। इससे जुड़ी सभी तरह की जानकारी पीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### पूर्व परीक्षा के नतीजों का इंतजार

*गौरतलब है कि 6 वर्ष पूर्व एआई भर्ती परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे। 6 सालों में कई चरणों में इसकी परीक्षा हुई, लेकिन परिणाम अभी तक जारी नहीं हो सके हैं। सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी इसका इंतजार कर रहे हैं। कई बार परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग भी उनके द्वारा की जा चुकी है। इसके बीच नवीन भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं।*

### 21 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

आवेदन 23 अक्टूबर यानी बुधवार से शुरू होंगे। आवेदन करने का सिलसिला 21 नवंबर को रात 12 बजे तक चलेगा। इन आवेदन पत्रों की जांच के बाद पीएससी की ओर से लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए उन्हीं उम्मीदवारों को प्रवेशपत्र दिए जाएंगे, जो भर्ती के लिए जरूरी अर्हताओं को पूरा करेंगे। आवेदन पत्रों में गलती सुधारने का निशुल्क अवसर निर्धारित तिथि तक दिया जाएगा। इसके बाद कुछ दिनों का वक्त सुधार के लिए सशुल्क दिया जाएगा। 27 नवंबर की रात त्रुटि सुधार के सारे ऑनलाइन मौके समाप्त हो जाएंगे। कैंडिडेट इसके बाद ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे।

### तिथियों की घोषणा नहीं

पीएससी ने आवेदन तिथि की तो घोषणा कर दी है, लेकिन किन तिथियों में ये परीक्षा होगी, इसकी जानकारी अभी साझा नहीं की गई है।सूत्रों के अनुसार, पीएससी की ओर से इन पदों के लिए भर्ती की परीक्षा की तारीख जल्दी ही घोषित की जाएगी। सब इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा लिखित और फिजिकल तौर पर ली जाएगी। फिजिकल परीक्षा के लिए कमेटी पीएससी से ही गठित होगी। पीएससी की ओर से जारी विज्ञापन में हर पद और उसका आरक्षण भी घोषित किया गया है। इसके मुताबिक जिन पदों पर सीधी भर्ती निकाली गई है, उनमें सूबेदार के 19, सब इंस्पेक्टर के 278, सब इंस्पेक्टर (विशेष शाखा) के 11, प्लाटून कमांडर के 14, सब इंस्पेक्टर फिंगर प्रिंट के 4.,सब इंस्पेक्टर प्रश्नाधीन दस्तावेज का 1, सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) के 5 और सब इंस्पेक्टर (सायबर क्राइम) के 9 पद हैं। पीएससी ने यह भी स्पष्ट किया है कि गृह विभाग से संशोधित रिक्तियां मिलने पर जारी किए गए पदों की संख्या में बदलाव भी हो सकता है।

## ज्योतिष

# मंगल का अपनी नीच राशि कर्क में गोचर, जानें कैसा होगा सभी पर प्रभाव



ऊर्जा, जोश, साहस, पराक्रम, युद्ध और रक्त का कारक ग्रह मंगल अब कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं। ग्रहों में सेनापति कहे जाने वाले मंगल 20 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा के स्वामित्व वाली राशि कर्क में गोचर कर चुके हैं। मंगल अब मिथुन राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए कर्क राशि में कुछ दिनों तक विराजमान रहेंगे। कर्क राशि मंगल की नीच राशि है। ऐसे स्थिति में मंगल का प्रभाव कुछ अच्छा नहीं रह सकता है। मंगल के अपनी नीच राशि में होने से नकारात्मक असर देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं मंगल का ज्योतिष शास्त्र में महत्व।

### ज्योतिष में मंगल का महत्व

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का सेनापित का दर्जा प्राप्त है। मंगल युद्ध, उत्तेजना, क्रोध, साहस, आवेग, भूमि और सेना का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल ग्रह को दो राशियों का स्वामित्व प्राप्त है पहला मेष और दूसरा वृश्चिक राशि। मंगल मकर राशि में उच्च के और कर्क राशि में नीच के हो जाते हैं। वहीं मंगल चित्रा, मृगशिरा और धनिष्ठा नक्षत्र का स्वामित्व हासिल है। मंगल एक से दूसरे राशि में गोचर करने के लिए करीब 45 दिनों का समय लेते हैं। मंगल ग्रह एक पुरुष प्रधान ग्रह हैं और मंगल का स्वभाव से उग्र ,ऊर्जा और भूमि का कारक माना गया है। अगर किसी जातक की कुंडली में मंगल मजबूत स्थिति में हैं तो जातक बहुत ही साहसी और खतरों से खेलने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करने से नहीं घबरता है, बल्कि डटकर सामना करता है और अपने शत्रुओं या विपरीत परिस्थितियों पर आसानी से विजय प्राप्त करता है। वहीं अगर कुंडली में मंगल की स्थिति कमजोर है तो यह जातक बुरे काम करने वाला और अपराधी हो सकता है। मंगल के मजूबत होने पर व्यक्ति सेना और पुलिस महकमे में उच्च पदों को प्राप्त करता है। मंगल के शुभ होने पर व्यक्ति भूमि, भवन और अच्छे मकान का सुख भोगता है।

# अपनी राशि के अनुसार करें धनतेरस की खरीदारी, बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा



दीपावली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस के दिन खरीदारी करने की परंपरा है। मान्यता है कि धनतेरस में खरीदारी करने से 13 गुना धन की वृद्धि होती है। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान धनवंतरी और कुबेर देवता की पूजा का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है, जिससे परिवार के सदस्य आरोग्य रहते हैं। धनतेरस के दिन खरीदारी का सबसे ज्यादा महत्व है, लेकिन अगर आप अपनी राशि के अनुसार खरीदारी करते हैं, तो यह बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आप अपनी राशि के अनुसार धनतेरस के दिन कौन सी चीजें खरीद सकते हैं।

### राशि अनुसार करें धनतेरस की खरीदारी

मेष राशिः मेष राशि के जातकों को धनतेरस के दिन चांदी का बर्तन जरूर खरीदना चाहिए।

वृषभ राशिः वृषभ राशि के जातकों को धनतेरस के दिन सादा कपड़ा या चांदी का सिक्का ख़रीदना चाहिए।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए धनतेरस के दिन पीतल का बर्तन खरीदना शुभ होगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वाले चांदी का सिक्का या सफेद वस्तु धनतेरस के दिन जरूर खरीदें। इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

## हाई बीएमआई वाले बच्चों में वयस्कता में हृदय रोग होने की आशंका 40% अधिक होती है

# आपके बच्चे के दिल की सेहत है खतरे में, ये एक लापरवाही कम कर सकती है उसकी उम्र

बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए स्वस्थ बचपन को मूल आधार माना जाता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार देने, उन्हें बाहर खेलने के लिए भेजने, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। कई अध्ययनों में बच्चों में बढ़ते मोटापे की समस्या को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। अधिक वजन या मोटापा के शिकार बच्चों में न सिर्फ कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है, साथ ही बचपन की ये एक समस्या उनकी उम्र भी घटा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों में मोटापा की समस्या न केवल गंभीर स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ाने वाली हो सकती है, बल्कि इसे भविष्य के लिए भी कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मोटापा के शिकार बच्चों में सामान्य वजन वाले बच्चों की तुलना में कई तरह की क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। कम उम्र में मोटापा के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या समय से पहले मौत का भी कारण बन सकती है।



### बच्चों में मोटापा की समस्या खतरनाक

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनियाभर में 880 मिलियन (88 करोड़) से अधिक लोग मोटापा से पीड़ित हैं। इसमें 160 मिलियन (16 करोड़) से अधिक लोग पांच से 19 की आयु वाले हैं। ये संख्या लगातार बढ़ रही हैं, जिससे युवा पीढ़ी के बीच मोटापा एक 'महामारी' के रूप में बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मोटापे के लिए भले ही कोई भी कारण जिम्मेदार क्यों न हो, ये कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। बचपन में मोटापा के कारण युवावस्था में हृदय रोग, डायबिटीज, लिवर की बीमारियों सहित संपूर्ण स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर हो सकता है।

### कम उम्र में हृदय रोगों का बढ़ जाता है खतरा

अधिक वजन या मोटापा की समस्या को हृदय रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारक के रूप में जाना जाता है। वजन अधिक होने के कारण शरीर को रक्त का संचार ठीक रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसके अलावा मोटापा को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसे हृदय रोग के जोखिम कारकों को भी बढ़ावा देने वाला माना जाता है। इसी से संबंधित साल 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि हाई बीएमआई वाले बच्चों में वयस्कता में हृदय रोग होने की आशंका 40% अधिक होती है। हृदय रोगों को वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।

### मोटापा कम कर सकती है कुल आयु

बचपन में मोटापा की समस्या क्रोनिक बीमारियों को तो बढ़ाती ही है। साथ ही ये स्थिति आपकी कुल उम्र को भी कम करने वाली हो सकती है। इसी से संबंधित स्वीडिश वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि बचपन में मोटापा होने से 55 वर्ष की आयु से पहले मृत्यु का जोखिम दोगुना हो सकता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित इस रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बच्चों सहित सभी उम्र के लोगों में मोटापा को कम कम करने के प्रयास करने पर जोर दिया है।



### बढ़ जाता है डायबिटीज का जोखिम

हृदय रोग और डायबिटीज दोनों की समस्या दुनियाभर में तेजी से बढ़ती देखी जा रही है। कम उम्र में मोटापा की दिक्कत, भविष्य में इन दोनों ही बीमारियों को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं मोटापा इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बन सकती है, जिस वजह से शरीर में ग्लूकोज का स्तर काफी तेजी से बढ़ने लगता है। शोध से पता चलता है कि मोटापा से ग्रस्त बच्चों में कम बीएमआई वाले बच्चों की तुलना में मधुमेह विकसित होने की आशंका अधिक देखी जाती रही है। गौरतलब है कि डायबिटीज की समस्या, हृदय रोगों का भी कारण बन सकती है। इसके अलावा इससे किडनी की बीमारी, आंखों को रोशनी कमजोर होने और तंत्रिकाओं में क्षति होने जैसी जटिलताओं का जोखिम भी अधिक हो सकता है।

# हैदराबाद को 1 रन से हराकर वीनू मांकड वन डे ट्राफी के सेमीफाइनल में पहुंचा छत्तीसगढ़

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 विनु मांकड वन डे ट्राफी छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर मैच सोमवार को राजकोट में हैदराबाद अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। रोमाचंक मैच में हैदराबाद को 1 रन से हराकर छत्तीसगढ़ ने सेमी फायनल में प्रवेश किया। वर्षा के कारण मैच देरी से शुरु हुआ। मैच 33 ओवरों का खेला गया जिसमें छत्तीसगढ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवरों में 8 विकेट खोकर 236 रनों का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ का पहला विकेट जल्दी गीरने के बाद उपेन्द्र कुमार यादव तथा साहिल रजत शरीफ ने शानदार बल्लेबाजी का प्रर्दशन किया तथा क्रमशः 77 एवं 73 रनों का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त छत्तीसगढ की ओर से आलोक कुमार गुप्ता ने 22 रन तथा कप्तान विवेक यादव ने 21 रन बनाये।



### हैदराबाद की धीमी शुरुआत

हैदराबाद अंडर 19 टीम की ओर से मलिक ने 4 विकेट तथा मनीष ने 3 विकेट प्राप्त किया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद अंडर 19 की टीम ने वर्षा प्रांरभ होने तक 22.4 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 139 रन ही बनाये थे। विदर्भ की ओर से कप्तान आरोन जार्ज ने सर्वाधिक 54 रन नाबाद तथा अन्वित रेडडी ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने किफायती गेंदबाजी की और नियमित अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी, धनंजय नायक तथा साहिल रजत शरीफ ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच वी जेडी मैथोड से 1 रन से जीत लिया। इस तरह टीम ने सेमी फायइल में प्रवेश किया।



## हड्डियों को कमजोर कर सकती है

# कैल्शियम की कमी

कैल्शियम एक ऐसा मिनरल है जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है। यह मांसपेशियों के काम को बेहतर बनाने, नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखने, खून के थक्के को जमाने का भी काम करता है। शरीर में कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दांत कमजोर और टूट सकते हैं, मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन हो सकती है, झुनझुनी, सुन्नपन और मांसपेशियों में कमजोरी हो सकती है, दिल की धड़कन कम होना और शरीर में थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। शरीर के कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए कैल्शियम जरूरी है, लेकिन कुछ लोगों के लिए कैल्शियम उनकी सेहत के लिए भारी पड़ सकता है। कई ऐसी कंडीशन हैं, जब आपको अपने शरीर में कैल्शियम भरने से रोक देना चाहिए।

### किडनी स्टोन

मेयो क्लीनिक (ref) के अनुसार, शरीर में कैल्शियम की अधिक मात्रा से किडनी स्टोन होने का खतरा है। किडनी स्टोन खनिजों और लवणों से बने कठोर जमाव हैं जो किडनी के अंदर बनते हैं। कैल्शियम ऑक्सलेट से बने किडनी स्टोन का एक सामान्य प्रकार है। बहुत अधिक कैल्शियम का सेवन करना ऐसी स्थिति में नुकसानदायक हो सकता है। जिन लोगों को पहले कभी किडनी स्टोन हुए हैं, उन्हें कैल्शियम ऑक्सलेट से सावधान रहना चाहिए।

### हाइपरकैल्सीमिया वाले लोग

हाइपरकैल्सीमिया एक ऐसी स्थिति है जहां खून में बहुत अधिक कैल्शियम होता है। यह विभिन्न कारणों से हो सकता है। हाइपरकैल्सीमिया के लक्षणों में मतली, उल्टी, भ्रम, थकान, अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब आना और गंभीर मामलों में किडनी फेलियर शामिल हैं। यदि आपको हाइपरकैल्सीमिया है या इसके विकसित होने का खतरा है, तो कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से स्थिति खराब हो सकती है।

### सार्कोइडोसिस से पीड़ति लोग

सार्कोइडोसिस एक सूजन वाली बीमारी है जो विभिन्न अंगों, विशेषकर फेफड़ों और लिम्फ नोड्स को प्रभावित करती है। सार्कोइडोसिस के प्रभावों में से एक खून में कैल्शियम का लेवल बढ़ना है, जिससे हाइपरकैल्सीमिया हो सकता है। सार्कोइडोसिस वाले लोगों को कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए, क्योंकि ज्यादा कैल्शियम उनकी स्थिति को बढ़ा सकता है।

### कुछ प्रकार के कैंसर

ब्रेस्ट कैंसर, लंग और मल्टीपल मायलोमा आदि में खून में कैल्शियम लेवल बढ़ने का खतरा होता है। इसे अक्सर कैंसर से संबंधित हाइपरकैल्सीमिया कहा जाता है। इन कंडीशन में कैल्शियम सप्लीमेंट्स लेने से कैल्शियम लेवल और ज्यादा बढ़ सकता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
6263818152,
8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेन्स फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000
₹ 90,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV
Biometrics
Fire Safety
Video Conf.
Networking & IT Solutions
Vehicle Traking
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Bedsheet Factory
मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अल पचीनो ने किए जिंदगी से जुड़े अनसुने किस्से शेयर



यूं तो यह बात दिग्गज अमेरिकी एक्टर अल पचीनो अपने इंटरव्यूज में पहले भी कह चुके हैं कि 'द गॉडफादर' में शुरुआती दौर में फिल्म के डायरेक्टर फ्रांसिस फोर्ड कोपोला उनके काम से इतने नाराज थे कि उन्हें निकालना चाहते थे। लेकिन अक्सर ऐसे इंटरव्यूज में मुकम्मल बात नहीं आ पाती। लोग यह भी जानना चाहते हैं कि हालात ऐसे थे तो फिर वे बदले कैसे। किस लम्हे ने इसे नया मोड़ दिया। अल पचीनो ने अपने संस्मरण SONNY BOY में इस वाकये से परदा हटाया है और बताया है कि असल में हुआ क्या था। वह लिखते हैं कि एक रोज एक रेस्तरां में कोपोला ने उन्हें बुलाया और कहा कि वह अच्छा काम नहीं कर पा रहे हैं। कोपोला की नाराजगी को यूं समझा जा सकता है कि उन्होंने अल पचीनो को बैठने तक को नहीं कहा। इशारा साफ था कि अल पचीनो का काम आगे भी वैसा ही रहा तो उन्हें फिल्म छोड़नी पड़ेगी।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत के सुपर स्टारडम को 11वें दिन लगा झटका



बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत को बड़ा झटका लगा है। ओपनिंग वीकेंड में बंपर कमाई करने वाली 'वेट्टैयन' से उम्मीद थी कि यह दूसरे वीकेंड में भी धमाल मचाएगी। लेकिन अफसोस कि ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। दूसरी ओर, जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का हाल भी वीकेंड के बावजूद बुरा रहा है। सुपरस्टार रजनीकांत के स्टारडम को बड़ा झटका लगा है। उनकी आलिया रिलीज 'वेट्टैयन' ने जहां अपने दूसरे वीकेंड को ठीक-ठाक कमाई की है, वहीं रविवार को छुट्टी के बावजूद फिल्म की कमाई में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि उम्मीद यही थी कि धीमी हो चली कमाई की रफ्तार में रविवार को तगड़ा उछाल मिलेगा। दूसरी ओर, जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का सुस्तहाल रविवार को भी जारी रहा है। रिलीज के 24वें दिन इस फिल्म के कारोबार में भी कोई खास तेजी नहीं देखी गई है। टीजे ज्ञानवेल के डायरेक्शन में बनी 'वेट्टैयन' में अमिताभ बच्चन, फहाद फासिल और राणा दग्गुबाती भी हैं। रजनीकांत के स्टारडम की बदौलत इस फिल्म ने चार दिनों के पहले वीकेंड में 104.75 करोड़ रुपए की तगड़ी कमाई की थी। लेकिन पहले सोमवार से ही इसकी कमाई अर्श से फर्श पर आ गिरी। ऐसे में उम्मीद थी कि दूसरे वीकेंड में एक बार फिर धमाका होगा। लेकिन 'वेट्टैयन' 12.45 करोड़ रुपए ही कमा सकी। 'वेट्टैयन' का बजट 300 करोड़ रुपए है। लेकिन जिस तरह इसका हश्र हुआ है। सोमवार से यह गिरकर 1-1.50 करोड़ के बीच पहुंचने वाली है। बीते 11 दिनों में फिल्म ने सबसे अधिक 115.01 करोड़ रुपए की कमाई तमिल वर्जन से की है। जबकि हिंदी वर्जन से महज 3.89 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। तेलुगू वर्जन से 15.33 करोड़।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव ने शुरू की 'अग्नि परीक्षा' की शूटिंग



भोजपुरी सिनेमा के स्टार खेसारी लाल यादव एक बार फिर से दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार हैं, और इस बार वह नजर आएंगे मशहूर डायरेक्टर लाल बाबू पंडित की अगली फिल्म 'अग्नि परीक्षा' में। फिल्म का भव्य मुहूर्त हाल ही में संपन्न हुआ, जिसमें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। अब इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। शूटिंग अमेठी के मुसाफिर खाना में चल रही है। खेसारी लाल यादव ने 'अग्नि परीक्षा' को लेकर कहा, 'मैं इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हूं। डायरेक्टर लाल बाबू पंडित के साथ काम करना हमेशा एक शानदार अनुभव होता है। फिल्म की कहानी और इसका प्रेजेंटेशन दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। हम हर बार कुछ नया और बेहतर देने की कोशिश करते हैं, और इस बार भी दर्शकों को एक दमदार फिल्म मिलेगी।' खेसारी ने आगे कहा, 'मुझे यकीन है कि 'अग्नि परीक्षा' दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाएगी। मेरे चाहने वालों का प्यार और समर्थन ही मुझे प्रेरित करता है कि मैं हर बार कुछ अलग और बेहतरीन करूं। मैं उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म भी आप सभी को पसंद आएगी, जैसे हमेशा से आपने मेरे काम को सराहा है। फिल्म में खेसारी के साथ आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य किरदारों में नज़र आएंगी।

## रोनित और सौंदर्या ने बिखेरा जलवा

टेलीविज़न के मेगास्टार रोनित बोस रॉय और जोशीली सौंदर्या शर्मा ने लिबास के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर जलवा बिखेरा। सौंदर्या ने 'मस्ताना' कलेक्शन से एक फूलों से सजी गुलाबी लहंगा पहना, जबकि रोनित ने हाथ से बनाए गए कट दाना वर्क वाले हाथी दांत सफेद बंदगला ट्रेंच कोट में चार चांद लगा दिए। यह कलेक्शन हर उस चीज़ का प्रतीक था जो दुल्हन और उनके परिधान से जुड़ा है। कलेक्शन एक सफर था जो शुद्ध सफेद, नरम काले और म्यूट गोल्ड टोन से होकर गुज़रा। यह शो एक काव्यात्मक यात्रा की तरह था, जो रूपांतरण और पुनः खोज को दर्शाता है। फिनाले वॉक चर्चा का विषय बन गया जब पिता-पुत्र डिज़ाइनर जोड़ी रियाज़ और अमन गांगजी ने रोनित और सौंदर्या के साथ ग्रूवी डांस नंबर पर दिल जीत लिया।




## अपनी हाइट के हिसाब से चुनिए कपड़े, कॉन्फिडेंस बढ़ेगा




छोटी हाइट वाली लड़के हो या लड़की उन्हें कपड़ों का सेलेक्शन करने में काफी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में परफेक्ट कपड़ों का चुनाव करना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है। लेकिन आज हम आपको इस दिशा में कुछ खास टिप्स देंगे.फैशन के मामले में हर लड़की काफी ज्यादा कॉन्शियस होती है। समय और जगह के हिसाब से उन्हें अपने आउटफिट्स पहनना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। सिर्फ इतना ही नहीं, मौसम के हिसाब से कपड़े पहनना तो उनका खास शौक होता है। लेकिन, छोटी हाइट के कारण स्मार्टनेस कम हो जाती है। आप कितनी भी सुंदर हो लेकिन आपकी हाइट कम है तो आप कुछ भी नहीं पहन सकते है। क्योंकि, हर कपड़ा आप पर अच्छा लगे यह जरूरी नही है। जिसके कारण अंदर ही अंदर कॉन्फिडेंस कम होने लगता है।

### लंबे कुर्ते के साथ पहनें चूड़ीदार

छोटी हाइट वाली लड़कियां ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जो आपके लिए परफेक्ट साबित हो। जिसे कैरी करने या पहनने के बाद आप सुंदर लगें। आइए जानें आउटफिट्स से जुड़े कुछ खास आइडियाज। अगर आप कुर्तियों के शौकीन हैं तो लंबे कुर्ते पहनें। साथ ही साथ इसके साथ चूड़ीदार पहने।
अनारकाली सूट अगर पहनें तो वी नेक शेप रखें। अगर आपके कंधे ब्रॉड है तो चाइनीज कॉलर और पफ्ड स्लीव्स को बिल्कुल इग्नोर करें। आपको सलवार या प्लाजो को बिल्कुल इग्नोर करना चाहिए।



### ड्रेसिंग स्टाइल के दौरान इन टिप्स को फॉलो करें

कम हाइट वाली लड़कियों को क्रैपी और 1/3 ट्राउजर्स पहनने से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। इसकी जगह आप स्लिम लोअर पहनें।मोनोक्रोम पैटर्न या ऊपर से लेक नीचे रंग तक एक ही कलर के पहनें। **लो वेस्ट की बजाय हाई वेस्ट पहनें**। फिटिड जींस पहनने से भी हाईट बेहतर नजर आएगी। जीन्स के साथ गहरे रंग का अपर वियर पहनें, इससे आप लंबी नजर आएंगी। इसके अलावा क्रॉप टॉप या फॉर्मल शर्ट्स पहन सकती हैं। टर्टल या बोट नेक के बजाय वी शेप नेक को प्राथमिकता दें।
**लो वेस्ट की बजाय हाई वेस्ट पहनें**। फिटिड जींस पहनने से भी हाइट अच्छी नजर आती है। जीन्स के साथ गहरे रंग का टॉप वियर करें। इससे आप लंबी नजर आएंगी। इसके अलावा क्रॉप टॉप या फॉर्मल शर्ट्स पहनें. टर्टल या बोट नेक के बजाय वी नेक पहनें।

## इन चीजों से फेशियल करने पर चमक जाएगी स्किन, दीपावली से पहले करें ट्राई

चेहरे पर निखार पाने के लिए महिलाएं तरह-तरह के ट्रीटमेंट्स लेती हैं। वहीं पार्लर पर महंगे फेशियल भी करवाती हैं। सॉफ्ट और ग्लोइंग स्किन हर किसी को पसंद होती है, ये लुक में चार चांद लगाती है। वैसे तो अच्छी स्किन के लिए पौष्टिक डायट जरूरी है और स्किन की रंगत को निखारने के लिए नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना जरूरी है। यहां हम उन चीजों के बारे में बता रहे हैं जिससे आप आसानी से फेशियल कर सकते हैं।



### दही से साफ हो जाएगी स्किन

दही स्किन पर नेचुरल मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। इसके इस्तेमाल से स्किन हेल्दी बनी रहती है। इसकी मदद से आप फेशियल भी कर सकते हैं। इसके लिए दही से चेहरे को साफ करें। फिर दही में चावल का आटा और हल्दी मिलाकर स्क्रब करें। मसाज के लिए दही में शहद या एलोवेरा जेल को मिलाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। अंत में दही और चंदन मिलाकर फेस पैक बनाएं।

### एलोवेरा जेल से स्किन फील करेगी फ्रेश

स्किन के लिए एलोवेरा जेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो चेहरे पर प्रोटेक्टिव लेयर बनाते हैं। सबसे पहले एलोवेरा जेल को चेहरे पर लगाएं और साफ करें। फिर एलोवेरा जेल में ओट्स का पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे स्क्रब करें। मसाज करने के लिए एलोवेरा जेल में खीरे का रस मिलाएं और फिर चेहरे की मालिश करें। अब पैक लगाने के लिए एलोवेरा जेल में गुलाब जल और विटामिन ई मिलाएं।

## घर पर कोयले से बना चारकोल मास्क चेहरे से खींच लेगा सारी गंदगी

दीपावली आने वाली है और जाहिर सी बात है कि मार्केट आना-जाना लगा रहेगा और साथ ही धूल, मिट्टी, पसीने और पॉल्यूशन से भी सामना होता रहेगा। भले ही आप फेस वॉश का इस्तेमाल करके चेहरे की गंदगी को साफ कर लें, लेकिन इसकी संभावना भी अधिक है कि केमिकल वाले ये फेस वॉश आपकी स्किन को ड्राई कर सकते हैं या फिर पिंपल ला सकते हैं। आमतौर पर त्वचा से गंदगी साफ करने की हमारी पहली चॉइस चारकोल फेस वॉश होती है, लेकिन मार्केट वाले प्रोडक्ट में केमिकल्स भी मिले होते हैं। लेकिन अगर हम कहें कि आप घर पर ही 2 टुकड़े कोयले की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं और चेहरे के अंदर तक जमी गंदगी को साफ कर सकते हैं। जी हां, आइए आपको बताते हैं ब्यूटी कंटेंट क्रिएटर मनप्रीत कौर का बताया कोयले से फेस मास्क बनाने का तरीका।



### चारकोल के स्किन बेनिफिट्स

चेहरे पर चारकोल का इस्तेमाल गंदगी को साफ करने के लिए तो किया ही जाता है, साथ ही ये हमारी स्किन से अतिरिक्त तेल को साफ करने, पोर्स को क्लीन करने और स्किन टोन को इवन करने में मदद करता है। आपकी त्वचा हमेशा चमकती रहे, इसलिए आज हम आपको कंटेंट क्रिएटर मनप्रीत के बताए चारकोल फेस मास्क की रेसिपी बताने वाले हैं।

**फेस मास्क बनाने के लिए क्या चाहिए?**

कोयला- 2 टुकड़े (3-3 इंच के), नींबू- 2, मुल्तानी मिट्टी- 1-1/2 चम्मच, एलोवेरा जेल- 1 चम्मच, गुलाब जल- जरूरत अनुसार

## इन फैशन हैक्स से होगी जिंदगी आसान, हर महिला को होनी चाहिए इनकी जानकारी

हर महिला, चाहे वह कामकाजी हो या गृहिणी, उसकी दिनचर्या सुबह से शाम तक भागदौड़ भरी ही रहती है। घर के कामों में फिर भी कोई आपकी मदद कर देता है, लेकिन तैयार आपको खुद ही होना पड़ता है, वह भी ज्यादा समय लगाए बिना। आप चाहे कितनी भी व्यवस्थित क्यों न हों, कुछ न कुछ छूट ही जाता है और आप इस कम समय में उतनी सुंदर नहीं लग पातीं, जितना कि लगना चाहती हैं। ऐसे में न सही हेयर स्टाइल बन पाता है, न सही से मेकअप हो पाता है। वहीं कई बार कोई कपड़ा बहुत ढीला दिख रहा होता है तो कभी शर्ट के दो बटनों के बीच से स्किन झांक रही होती है।

### फैशन टेप : नहीं फिसलेंगे कपड़े

कई बार हाई नेकलाइन और शोल्डर लेंथ वाले कपड़ों से त्वचा झांकने लगती है। ऐसा जब ऑफिस या परिवार में बड़े-बुजुर्गों के बीच हो जाता है तो आंखें शर्म से नीची हो जाती हैं। तब यह समझ नहीं आता कि क्या करें, कैसे झांकती त्वचा को छिपाएं! ऐसी अजीब परिस्थितियों और मुसीबतों से बचने का उपाय है, डबल साइड वाली फैशन टेप।



### फिटकरी पेंसिल : सेफ्टी गैजेट

कई बार आईब्रो या अपर लिप्स पर शेविंग करते हुए, सेफ्टी पिन लगाते हुए या फिर अपने नाखून ही खुद को चुभ जाते हैं और आप चोटिल हो जाती हैं, जिसमें से खून भी बहने लगता है। मुसीबत तब ज्यादा बड़ी लगती है, जब ऐसा कुछ घर से बाहर हो। ऐसे समय में आपकी बेस्ट सेफ्टी गैजेट बनेगी छोटी-सी फिटकरी पेंसिल। इसे आप बाजार से या ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

### हील कुशन : आराम ही आराम


हील्स पैरों को कितना परेशान करती हैं, आप अच्छी तरह जानती हैं। मगर इसमें भी दो राय नहीं कि ये कम हाइट वाली महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती हैं। ऐसे में खूबसूरती को बढ़ाने और पैरों को आराम देने के काम आएगा हील कुशन।

### कार्नर न्यूज

### घनी दाढ़ी और मूछों का क्रेज आज फैशन स्टेटमेंट बन रहा

## घनी दाढ़ी और मूंछों से चाहिए दीपावली तक मॉचो लुक तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

एक जमाना था, जब लड़कियों का क्रश क्लीन शेव लड़के हुआ करते थे। लेकिन, बदलते समय के साथ आज लड़कों का रफ-एंड-टफ लुक गर्ल्स को अपनी तरफ ज्यादा आकर्षित करता है। मर्दों के बीच घनी दाढ़ी और मूछों का क्रेज आज फैशन स्टेटमेंट बनता जा रहा है। लेकिन, कई बार लाख कोशिशों के बावजूद कुछ लड़के इस बियर्ड लुक को कैरी नहीं कर पाने की वजह से अपने चेहरे को नया लुक नहीं दे पाते हैं। वजह होती है उनकी दाढ़ी और मूछों की ग्रोथ का अच्छा ना होना। अगर आपके साथ भी यही समस्या है तो ये कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर आप इस समस्या को दूर करके अपने चेहरे को नया लुक दे सकते हैं।




### डाइट में करें बदलाव

अगर आपकी डाइट अच्छी नहीं है तो कोई भी उपाय, महंगी क्रीम और लोशन आपकी बियर्ड ग्रोथ को अच्छा नहीं कर पाएगा। बियर्ड ग्रोथ के लिए आपको सबसे पहले अपने न्यूट्रिशन पर ध्यान देना चाहिए। अपनी डाइट में प्रोटीन, आयरन और जिंक से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ साबुत अनाज और हेल्दी फैट वाले फूड को शामिल करें।

### मसाज करें

दाढ़ी पर महंगे प्रोडक्ट्स यूज करने की जगह नारियल तेल, आंवला तेल या रोज रात को अरंडी के तेल से मालिश करें। ऐसा करने से दाढ़ी के बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। दरअसल, चेहरे की मसाज करने से रक्त का संचार अच्छा होता है और पोषक तत्वों को बालों के रोम छिद्रों तक पहुंचाने में मदद मिलती है, जिससे बाल मोटे और जल्दी बढ़ते हैं।



### उल्टी शेव

ज्यादातर लड़के शेविंग करते समय रेजर सीधा चलाते हैं। ऐसा करने से दाढ़ी के बालों की ग्रोथ कम होती है। अगर आप चाहते हैं कि दाढ़ी के बालों की ग्रोथ अच्छी हो तो शेव करते समय रेजर को उल्टी दिशा में चलाएं। इस टिप को फॉलो करने से धीरे-धीरे चेहरे पर दाढ़ी की ग्रोथ बढ़ने लगेगी।